


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 250 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 12 जून 2025 डाक 13 जून 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




## शेख हसीना को लेकर पीएम मोदी से की थी बात मोहम्मद यूनुस का बड़ा दावा, बताया क्या मिला जवाब



**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस शेख हसीना द्वारा भारत से दिए जा रहे ऑनलाइन भाषण को लेकर काफी नाराज हैं। शेख हसीना अपने भाषण के जरिए लगातार यूनुस सरकार की नाकामियां दुनिया के सामने ला रही हैं।अब मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारत से अनुरोध किया था कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के ऑनलाइन भाषणों पर अंकुश लगाई जाए, जिसे दरकिनार किया गया और इस वजह से पूरे बांग्लादेश में गुस्सा भड़क रहा है।हाल ही में लंदन में चैथम हाउस में एक चर्चा के दौरान बोलते हुए यूनुस ने पीएम मोदी से हुई मुलाकात और बातचीत को याद किया। उन्होंने कहा, जब मुझे प्रधानमंत्री मोदी से बात करने का मौका मिला, तो मैंने इस इतना कहा कि आप उनकी मेजबानी करना चाहते हैं, मैं आपको उस नीति को छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, लेकिन कृपया हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि वह बांग्लादेशी लोगों से उस तरह बात न करें, जिस तरह वो कर रही हैं। मोहम्मद यूनुस ने निराशा जताते हुए कहा कि शेख हसीना भारत में बैठकर ऐलान करती हैं कि वह इस दिन, इस समय, इस घंटे बोलेंगी और पूरा बांग्लादेश भड़क जाता है। वह इस पूरे क्रोध को अपने अंदर क्यों रख रही हैं। यूनुस ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से हस्तक्षेप करने और शेख हसीना को आगे कई बयान देने से रोकने के लिए कहा था, जिस पर भारतीय प्रधानमंत्री ने कथित तौर पर जवाब दिया, यह सोशल मीडिया है, आप इसे नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। चैथम हाउस में जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत वही कर रहा है जिसकी बांग्लादेश को उम्मीद थी, तो यूनुस ने बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दिया नहीं। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश ने भारक सरकार को पत्र लिखकर हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है और कानूनी कार्यवाही पहले से ही चल रही है। मोहम्मद यूनुस ने कहा, न्यायाधीकरण ने सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हमारी सरकार ने शेख हसीना को उनके द्वारा किए गए अपराधों के लिए नोटिस भेजा है, लेकिन इसका अभी तक जवाब नहीं दिया गया है।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने दिल्ली सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन, पुनः भर्ती की मांग



**नई दिल्ली।** अपनी बहाली की मांग को लेकर बड़ी संख्या में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स (सीवीडी) ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। आंदोलनकारी वॉलंटियर्स सुबह-सुबह उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शालीमार बाग में सीएम के निजी आवास के बाहर एकत्र हुए और 'रेखा गुप्ता होश में आओ', 'दिल्ली सरकार होश में आओ' और 'अपने वादे पूरे करो' जैसे नारे लगाए। अक्टूबर 2023 में हमें नौकरी से निकाल दिया गया। सिविल डिफेंस कर्मियों की तैनाती के लिए जारी एसओपी में कहा गया है कि उन्हें केवल आपात स्थिति के दौरान ही बुलाया जा सकता है। एसओपी में सिविल डिफेंस एक्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि हमें आपात स्थिति के दौरान ही बुलाया जा सकता है। लेकिन यह एक्ट पहले भी था। फिर हमें 2015 में क्यों रखा गया। एक सिविल डिफेंस वॉलंटियर ने सवाल किया।

## कर्नाटक में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, धारवाड़ के स्कूलों में छुट्टी घोषित



**नईदिल्ली, 12 जून [एजेंसी]।**

भारतीय मौसम विभाग ने कर्नाटक के लिए बारीश का रेड अलर्ट जारी किया है। कर्नाटक के धारवाड़ जिले की डिप्टी कमिश्नर दिव्या प्रभु ने गुरुवार को सभी आंगनवाड़ी, प्राथमिक और उच्च स्कूलों, पीयू और डिग्री कॉलेजों के लिए एक दिन की छुट्टी घोषित की है। IMD ने कर्नाटक के लिए सात दिनों की चेतावनी जारी की है, जिसमें 17 जून तक लगभग सभी जिलों में व्यापक बारिश की संभावना जताई गई है। धारवाड़ के हुबली इलाके में गुरुवार की सुबह मूसलाधार बारिश हुई, जिससे जिले के कई हिस्से खासकर हनाशी गांव में भारी जलभराव हो गया।मौसम विभाग के अनुसार, 17 जून तक तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में व्यापक वर्षा होगी। इस बीच 14 जून तक दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक के जिलों में काफी ज्यादा बारिश होने की संभावना जताई गई है। तटीय कर्नाटक जिलो में IMD ने 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से लगातार हवा के साथ भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। उत्तरी कर्नाटक में कुछ स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से निरंतर हवा के साथ भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। IMD ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कोप्पल, हावेरी, बागलकोट, विजयपुरा, कलबुर्गी और रायचूर जिलों में एक या दो स्थानों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से लगातार हवा चलने के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

बीदर और यादगीर जिलों में अधिकांश स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से लगातार हवा चलने के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में, मौसम विभाग ने भारी से बहुत भारी बारिश के साथ 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने का अनुमान लगाया है, जो कुछ स्थानों पर होने की संभावना है और शिवमोगा, चिकमंगलूर और कोडागु जिलों में एक या दो स्थानों पर समान गति से निरंतर हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है।इसके साथ ही, रात भर हुई भारी बारिश के कारण तुपरी झील के उफान पर आने से नवलगुंड तालुक के यमनूर गांव के पास अपने फार्महाउस में चार लोगों का परिवार फंस गया।

## बीएड परीक्षार्थी की मौत, एन एच-30 में हुआ बड़ा हादसा



**कोंटा।** सुबह एन एच-30 पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। दंतेवाड़ा से कोंटा जा रही यह गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें बी.एड. परीक्षा देने जा रहे 4 परीक्षार्थी सवार थे। इनमें से 26 वर्षीय त्रिवेणी बघेल की मौके पर मौत की खबर है। हादसा दरभगुड़ा के पास गाड़ी अनियंत्रित होने से हुई। स्थानीय लोगों ने सभी को कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। अन्य परीक्षार्थी और ड्राइवर घायल हैं।

## आकाशीय बिजली गिरी केला बाड़ी में, मजदूर की मौत

**राजनांदगांव 12 जून।** छुरिया ब्लाक के आमगांव में बिजली गिरने से इसके संपर्क में आए 42 साल के मजदूर की मौत हो गई। मजदूर गांव के केला बाड़ी में काम कर रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। घटना मंगलवार शाम की है। जानकारी के मुताबिक मूलतः दुर्ग जिले के बोरई गांव का रहने वाला भागवत यादव (42) आमगांव के केला बाड़ी में काम करता था। वह अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहा था, लेकिन कुछ देर बाद सारे मजदूर लौट गए। भागवत बाड़ी में ही मौजूद रहा। इसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई। भागवत बारिश से बचने का प्रयास कर रहा था, तभी आकाशीय बिजली गिरी। जिससे उसकी मौत हो गई।

## महासमुंद में कोरोना संक्रमित मिला

**महासमुंद।** जिले से भी कोरोना के मामले सामने आया है। जहां एक मरीज कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। बता दें कि, महासमुंद जिले में 10 लोगों की कोरोना की जांच हुई। जिसमें एक मरीज कोरोना पॉजिटिव पाया गया। जिसके बाद उसे आइसोलेशन में रखा गया है। इसकी जानकारी लगते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को सावधानी बरतने की भी सलाह दी है। वहीं इस वक्त देशभर में कोरोना के एक्टिव केस 7 हजार के पार हो चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा मामले केरल से सामने आए हैं। यहां अब तक 2053 एक्टिव केस सामने आ गए हैं। इसके अलावा गुजरात, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के साथ-साथ कर्नाटक और हरियाणा में भी नए मामले मिल रहे हैं।



# स्कूल आकर खाली बैठने को थे मजबूर, युक्ति युक्तकरण से शिक्षकों की समस्या हुई दूर

## अब हमारे बच्चे बेकार नहीं बैठेंगे:मंगल सिंह

**कोरबा ।** शहर से लगभग सौ किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच पंडोपारा में जब स्कूल खुला तब यहाँ रहने वाले पंडो समाज के लोगो में न सिर्फ अथाह खुशी थी, अपितु वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर भी सुकून और राहत महसूस कर रहे थे। अपने गाँव में स्कूल पाकर वे अपने बच्चों को स्कूल भी भेजने लगे, लेकिन इस विद्यालय में बनी शिक्षको की कमी उन्हें अक्सर चिंतित करती रहती थी, क्योंकि उनके बच्चे पाठशाला तो नियमित जाते थे, लेकिन विद्यालय में एकमात्र शिक्षक होने का खमियाजा भी बच्चों को भुगतना पड़ता था। कभी किसी कारण से शिक्षक के अवकाश में होने के कारण बच्चों का मन पढ़ाई में नहीं लगता था तो कभी उन्हें कमरे में बिना क्लास या पढ़ाई के घण्टो समय बितानी पड़ती थी। लिहाज़ा बच्चों के साथ माता-पिता भी चिंतित थे कि उनके गाँव के विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नहीं है। आखिरकार जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में ऐसे शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों की सुध ली गई तो युक्ति युक्तकरण जैसी व्यवस्था ने घने जंगलों में बसे पंडो जनजाति के बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की राह आसान कर दी। अतिशेष शिक्षको के समायोजन से पंडोपारा ही नहीं जिले के लगभग 300 एकल शिक्षकीय और शिक्षकविहीन विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के भाग्य बदल दिए है, जिसका लाभ इस शिक्षण सत्र से मिलने लगेगा।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत कोरबा जिले में युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया पूरी की गई है। इस प्रक्रिया का लाभ जिले के सभी शिक्षक विहीन विद्यालयों को मिला। अब कोरबा जिले में कोई भी विद्यालय शिक्षकविहीन नहीं है। युक्ति युक्तकरण से प्राथमिक शाला के 14 शिक्षकविहीन और 287 एकलशिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। मिडिल स्कूलों में भी 4 शिक्षकविहीन और 20 एकलशिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। अब सभी मिडिल स्कूलों में कम से कम 3 शिक्षक और दूरस्थ क्षेत्र के प्राथमिक शालाओ में दो सहायक शिक्षक बच्चों को अध्यापन कराएंगे। शासन की इस पहल से जिले के दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में बनी शिक्षको की कमी भी दूर हो गई है। ऐसे ही पाली ब्लॉक के अंतर्गत अंतिम छोर ग्राम उड़ान से आगे पण्डो जनजाति के बसाहट पंडोपारा में एक प्राथमिक शाला है। शासन ने इस दूरस्थ गाँव में पाठशाला खोलकर पंडो समाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें विकास की मुख्य धारा में लाने की पहल तो की, लेकिन यहाँ बनी शिक्षक की कमी से विगत कई वर्षों तक बच्चों को जूझना पड़ा। हालांकि आसपास के विद्यालयों व अन्य व्यवस्थाओं से यहाँ अध्यापन तो कराया गया,लेकिन यह नाकाफी ही थी। पंडोपारा के ग्रामीण मंगल सिंह पंडो ने बताया कि गाँव में स्कूल संचालित होने पर सभी खुश थे। कई साल तक यहाँ एक शिक्षक ही पढ़ाते रहे हैं, जिससे अन्य कक्षा के विद्यार्थी खाली बैठने को मजबूर रहते थे। कई बार किसी आवश्यक काम से उक्त शिक्षक के अवकाश में रहने से भी व्यवस्था बिगड़ जाती थी।उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को पास के ही स्कूल में भेज सकते हैं, इसलिए यहाँ का स्कूल हमारे लिए महत्वपूर्ण था मगर शिक्षक की कमी से यहाँ की अध्यापन व्यवस्था हमेशा बिगड़ती रही है। मंगल सिंह ने बताया कि उन्हें मालूम हुआ है कि अब गाँव के इस स्कूल में नए शिक्षक भी आ रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है। दो शिक्षक होने से क्लास में सभी बच्चों की पढ़ाई होगी। कोई खाली नहीं बैठेगा। इसी विद्यालय में कक्षा चौथी के छात्र जगदेश्वर पंडो, तीसरी कक्षा के राजेन्द्र और दूसरी के मुकेश पंडो को भी खुशी है कि उनके स्कूल में इस सत्र से नए गुरुजी पढ़ाने को आएंगे।







## विद्युतकर्मियों को सिखाए गए आपदा से बचाव के गुर

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के संयंत्र परिसर में प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण एवं साइट डेमो का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय आपदा एवं बचाव दल (एनडीआरएफ) कटक की बटालियन क्रमांक तीन के उपनिरीक्षक हेमराज पांडेय एवं उनकी टीम द्वारा दी गई। एनडीआरएफ की टीम द्वारा विद्युत संयंत्र के अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों को आपदा के समय बचाव के तरीकों को सिखाया गया। इनमें प्रमुख रूप से सीपीआर, आपदा के समय घायल व्यक्तियों को सुरक्षित ढंग से उठाना एवं स्थानांतरित करना, रक्तस्राव रोकना, आपदा जैसे- सर्पदंश, बाढ़, चक्रवात एवं भूकंप के समय बरते जानी वाली सावधानियां एवं कार्य के बारे में विस्तार से बताया गया।एनडीआरएफ टीम ने बच्चों के मामले में बाह्य वस्तु द्वारा सांस नली में रूकावट को दूर करने के उपाय को लाइव डेमो देकर बताया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में टरबाइन मेंटेनेंस डिवीजन-3 के अधीक्षण अभियंता नरेंद्र उइके एवं अग्निशमन अधिकारी जीपी पनरिया एवं उनकी टीम के संयोजन से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके. गुप्ता, पीके. स्वैन, केएनबी. राव और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल उपस्थित रहे।

## मंत्री लखनलाल देवांगन व मेयर राजपूत ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का 12 जून को कोरबा जिले के प्रस्तावित दौरे कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने शहर के रिसदी में नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर किये जा रहे तैयारियो के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और दिशा निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने स्थल पर मुख्य मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, एडीएम श्री मनोज बंजारे, एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# महारानी अहिल्याबाई होलकर सभागार के नामकरण के साथ प्रतिमा का अनावरण करेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव

### 199 करोड़ से अधिक राशि के 50 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, 24 करोड़ से अधिक राशि के 16 कार्यों का करेंगे लोकार्पण

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 12 जून को कोरबा जिले के प्रवास के दौरान जिलेवासियों को लगभग 223 करोड़ 88 लाख 41 हजार से अधिक लागत की 66 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। श्री साय विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे 66 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों में 24 करोड़ 10 लाख 70 हजार से अधिक राशि के 16 कार्यों का लोकार्पण एवं 199 करोड़ 77 लाख 71 हजार से अधिक राशि की 50 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय रिस्दी पुलिस लाइन के पास नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का लोकार्पण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किए जाने वाली 16 लोकार्पण कार्यों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 15 करोड़ 06 लाख 77 हजार लागत के 11 कार्य, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत भैसमा, कुदमुरा और पसान में 75-75 लाख की लागत से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण, नगर पालिक निगम कोरबा के अन्तर्गत 03 करोड़ 58 लाख की लागत से स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में नवीन भवन/जीर्णोद्धार कार्य, और क्रेड़ा विभाग अन्तर्गत 03 करोड़ 20 लाख 70 हजार 920 रूपये की लागत से कोरबा जिले के 47 छात्रावासों/आश्रमों में 2.4 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य शामिल हैं।

भूमि पूजन के कार्यों के अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका निगम कोरबा व नगर पालिका परिषद दीपका में डीएमएफ, 15 वें वित्त सहित अन्य मदों से 15 करोड़ 38 लाख 85 हजार लागत के 09 कार्यों का भूमि पूजन/शिलान्यास किया जाएगा। इनमें 06 करोड़ 66 लाख 35 हजार की लागत से 15 वें वित्त अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा हेतु 100 टीपीडी सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट, 05 करोड़ 78 लाख एक हजार की लागत से प्रधानमंत्री ई-बस सेवा अंतर्गत दर्री जोन क्रमांक 06 में सिटी बस डिपो/टर्मिनल कॉपलेक्स का निर्माण कार्य, 41 लाख 13 हजार की लागत से 100 बैड हॉस्पिटल में एसएनसीयू हॉल, गैलरी शेड, रैम्प एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य, 61 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 32 में प्रशिक्षण हाल निर्माण, वार्ड क्रमांक 31 में 50 लाख की लागत से प्रशिक्षण हॉल निर्माण, 25 लाख की लागत से अयोध्यापुरी तालाब में जल संवर्धन हेतु निर्माण कार्य, 42 लाख 31 हजार की लागत से भू-जल स्त्रोत सुधार के लिए रिचार्ज वेल, डिसिल्टींग, आयल एवं ग्रीस ट्रैपिंग का निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत 68 लाख 20 हजार की लागत से निकाय क्षेत्रांतर्गत घरों में पेयजल हेतु सर्विस कनेक्शन प्रदाय कार्य और 06 लाख 85 हजार लागत की वार्ड क्रमांक 06 में टॉवर रोड से गणेश साहू घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।

इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 03 करोड़ 72 लाख 08 हजार की लागत से 07 कार्यों का भूमिपूजन किया जायेगा। इनमें 04 ट्रेनिंग हॉल, 01 प्रयोगशाला कक्ष, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला हेतु 02-02 नवीन भवन निर्माण, शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र नोनदरहा हेतु नवीन भवन निर्माण, खाद भंडारण केन्द्र कटघोरा में अहाता निर्माण और कलमीटिकरा से बरपाली आर.डी. 2 किलोमीटर में पुलिया निर्माण कार्य शामिल है। जल संसाधन विभाग अंतर्गत 02 करोड़ 79 लाख 32 हजार की लागत से तेन्दुभाठा एनीकट और 02 करोड़ 89 लाख 13 हजार की लागत से हाउसिंग बोर्ड कालोनी उरगा के पास डोमनाला स्टापडेम का निर्माण कार्य, 03 करोड़ 02 लाख 25 हजार की लागत से मिनीमाता बांगो बांध परिक्षेत्र में स्थित आई.बी. का जीर्णोद्धार कार्य, 01 करोड़ 19 लाख 78 हजार की लागत से पोंड़ी उपरोड़ा से लेपरा मार्ग के 274 मीटर लंबाई में पुर्ननिर्माण एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य, 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 100 की लागत से विभिन्न स्थलों में 50 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, 02 करोड़ 14 हजार 350 की लागत से 50 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 1.2 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य और लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 166 करोड़ 07 लाख 27 हजार की लागत से पुल-पुलिया, सड़क, भवन निर्माण, पहुंच मार्ग निर्माण सहित कुल 28 कार्यों का भूमिपूजन किया जायेगा।

## मवेशियों का सडकों पर डेरा होने से हादसे का खतरा

**कोरबा ।** कोरबा जिले में मानसून ने अभी दस्तक भी नहीं दी और लापरवाह मालिकों ने मवेशियों को सडक पर छोडना शुरू कर दिया है। शहर के मुख्य मार्गों पर मवेशी डेरा डाल रहे हैं। जबकि शहर के अधिकांश मार्गों में अंधेरा पसरा रहता है। इस बीच मुख्य मार्ग पर मवेशियों के खड़े रहने से हादसे का खतरा बना हुआ है। पावर हाउस रोड, सर्वमंगला रोड, बुधवारी, घंटाघर, एम.पी. नगर, मुड़ापार पर बड़ी संख्या में मवेशी बीच सडक पर खड़े रहते हैं। कुछ ही दूरी पर मोड़ है। यह स्थिति पिछले एक सप्ताह से बनी हुई है। बावजूद मवेशी मालिकों पर कार्यवाही नहीं हो रही है।

### गुणवत्ता की पोल खुली पथवे निर्माण में

**कोरबा ।** कोरबा अंचल में संजय नगर क्षेत्र से सीतामणी शनि मंदिर तक जर्जर नहर का असर यहां बनाए गए बाउंड्रीवाल और पाथवे पर पडने लगा है। संजय नगर और शनि मंदिर के बीच दो स्थानों पर पानी के कटाव से बाउंड्रीवाल पूर्व में ही धराशायी हो चुकी है, वहीं अब पाथवे पर दरार पडने के साथ नहर की ओर झुकता जा रहा है। ऐसे में कभी भी पाथवे का नहर में समाने का खतरा बना हुआ है। नगर पालिक निगम द्वारा संजय नगर होते हुए सीतामणी व रेलवे स्टेशन तक जाने पक्की सडक का निर्माण कराया गया है। सडक किनारे पाथवे भी बनाया गया है। बगल से गुजरी जल संसाधन विभाग की बांयीं तट नहर के पूरी तरह जर्जर होने से पानी के बहाव से मिट्टी का कटाव होता जा रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा लंबे समय से नहर की मरमत नहीं कराई गई है। नहर के दोनों ओर बनाए गए स्लेब जर्जर हो चुके हैं। विभाग द्वारा सिंचाई के लिए जब नहर में पानी छोड़ा जाता है तब पानी लगातार मिट्टी को काटती चली जा रही है। इससे बाजू से गुजरे सडक को नुकसान पहुंच रहा है। विभाग ने बताया की नहर मरम्मतीकरण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ठेकेदार द्वारा बारिश बाद कार्य प्रारंभ कराने की बात कही गई है। परंतु बारिश करीब है। ऐसे में नहर में पानी का बहाव भी तेज हो जाएगा इससे मिट्टी कटाव भी बढ़ेगा। मिट्टी का कटाव बढने से पाथवे व सडक को नुकसान हो सकता है।

### एनसीसी कैडेट ने की हसदेव नदी के तट पर सफाई

**कोरबा ।** कोरबा जिले में हसदेव नदी तट की एनसीसी कैडेट ने साफ-सफाई की। सभी ने स्वच्छता को अपनाने और अपने आसपास को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया। हसदेव नदी के तट के नजदीक स्थित मंदिर परिसर की सफाई कर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को परिसर को साफ-सुथरा रखने डस्टबिन में कचरा डालने प्रेरित किया। खुले में कचरा नहीं फेंकने की अपील कर आसपास को स्वच्छ रखने सहभागिता निभाने जागरूक किया।

## बालिका सशक्तिकरण अभियान-2025 के अंतर्गत नायब तहसीलदार ने साझा किया अपना संघर्षपूर्ण सफर

**कोरबा ।** एनटीपीसी-कोरबा में संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान-2025 के अंतर्गत रोल मॉडल इनिशिएटिव के तहत एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती जनकी कथले, नायब तहसीलदार, कोरबा ने अभियान में शामिल बालिकाओं से संवाद कर अपने जीवन के अनुभवों को साझा कर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बताया जा रहा हैं की रोल मॉडल इनिशिएटिव का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों जैसे प्रशासन, खेल, विज्ञान, शिक्षा आदि से जुड़ी विशिष्ट हस्तियों को बालिकाओं से जोड़ना है, ताकि वे उनके अनुभवों से सीख सकें और अपने भविष्य को आकार देने की प्रेरणा प्राप्त करें।श्रीमती जनकी कथले ने अपने साधारण पृष्ठभूमि से प्रशासनिक सेवा तक के सफर की कहानी साझा की, जिसमें उन्होंने कठिनाइयों, संघर्षों और आत्मविश्वास से भरे अनुभवों को बड़े सहज और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि दृढ़ संकल्प, शिक्षा और आत्म-नियंत्रण के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि एक नायब तहसीलदार के रूप में उनके कार्य क्या-क्या होते हैं और किस तरह वे समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़कर जमीनी स्तर पर कार्य करती हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि प्रशासनिक सेवाएं न केवल एक करियर विकल्प हैं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम भी हैं। बालिकाओं ने उनसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, महिला अधिकारियों की भूमिका, और निजी जीवन व प्रोफेशनल जिम्मेदारियों के बीच संतुलन पर सवाल किए, जिनका श्रीमती कथले ने बेहद आत्मीयता और उत्साह से उत्तर दिया। उन्होंने बालिकाओं को संदेश दिया की नेतृत्व उस स्थान से तय नहीं होता जहाँ से आप आते हैं, बल्कि उससे तय होता है जहाँ आप पहुंचना चाहते हैं और साथ में कितनों को आगे बढ़ाते हैं। सत्र के अंत में बालिकाओं की आंखों में नए सपनों की चमक और आत्मविश्वास झलक रहा था। यह कार्यक्रम उनके लिए न केवल ज्ञानवर्धक था बल्कि एक जीवंत उदाहरण भी था कि कैसे मेहनत और समर्पण से कोई भी शिखर हासिल किया जा सकता है। एनटीपीसी-कोरबा की यह रोल मॉडल इनिशिएटिव श्रृंखला बालिका सशक्तिकरण अभियान का एक प्रमुख स्तंभ बन चुकी है, जो हर सप्ताह बालिकाओं को वास्तविक जीवन के आदर्शों से जोड़ कर उन्हें सशक्त और प्रेरित करने का कार्य कर रही है। नायब तहसीलदार श्रीमती जनकी कथले जैसी प्रेरक हस्तियों के साथ, बालिका सशक्तिकरण अभियान में भाग ले रही बालिकाओं का भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल और सक्षम बन रहा है।

### जेसीआई कोरबा सेंट्रल और इकुईटास बैंक द्वारा स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ जेसीआई कोरबा सेंट्रल और इकुईटास स्माल फाइनेंस बैंक के सहयोग से एक विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन 14 जून (विश्व रक्तदान दिवस) को आरोग्य धाम पोली-क्लिनिक, नया बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया है।जेसीआई के सचिव सी.ए. अंकित अग्रवाल ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 10 चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहेगी, जो विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान करेगी। इस शिविर में नागरिकों को आंखों की जांच , दंत चिकित्सा जांच, जांच (नाक, कान और गला), स्त्री रोग विशेषज्ञ , सामान्य चिकित्सक , बच्चों के डॉक्टर , श्रवण जांच जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ मिलेगा। यह शिविर सभी नागरिकों के लिए नि:शुल्क रहेगा और इसका उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना है।इसके साथ ही, इस कार्यक्रम का आयोजन विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। रक्तदान शिविर में लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया जाएगा और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि जरूरतमंदों की मदद की जा सके।यह आयोजन समाज के सभी वर्गों के लिए खुला है और हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें। यह न केवल एक स्वस्थ समाज बनाने की दिशा में एक कदम होगा, बल्कि यह उन लोगों के लिए भी मददगार साबित होगा, जिन्हें रक्तदान की आवश्यकता है।हमारा उद्देश्य है, समुदाय को एकजुट करना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और जीवन रक्षक रक्तदान की महत्वपूर्णता को समझाना। हम आपके सहयोग और भागीदारी की अपेक्षा करते हैं ताकि हम सब मिलकर एक स्वस्थ और मजबूत समाज बना सकें। हमारा उद्देश्य है, एक स्वस्थ और जागरूक समाज की दिशा में कदम बढ़ाना।

## कोल कर्मियों के ड्रेसकोड जारी, यहां संशय की स्थिति

**कोरबा।** कोल इंडिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड घोषित कर दिया है, जिसके तहत कर्मचारियों को हल्का नीला रंग की शर्ट और काले रंग की पैंट पहननी होगी। इस ड्रेस कोड के पालन के लिए कर्मचारियों को ?12500/- का भुगतान किया जाएगा। लेकिन कोरबा जिले में स्थित के कोयला खदानों में कार्यरत कर्मचारियों में इस ड्रेस कोड को लेकर उहापोह और डर का माहौल है ।

कोयला खदानों में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि धूल भरी इंड्रस्टी में हल्का नीला रंग का रखरखाव कैसे संभव है। वर्कशॉप के टेकनीशियनों का कहना है कि मरम्मत कार्य में ग्रीस-मोबिल से हमेशा हमारे हाथ सने रहते हैं और इसका हमारे कपड़ों में लगना आम बात है। ग्रीस-मोबिल का दाग कपड़ों से छूटता नहीं है, ऐसे में हमारे साथ बहुत परेशानी होगी । कोरबा जिले में के कोयला खदान राजगामा, मानिकपुर, बाकी मोगरा, डेलवाड़ी, पाली में कोयला खदान, एशिया के सबसे बड़े खदान कुसमुंडा, गेवरा, दीपका ये सब खदान हैं। इन खदानों में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि कोल इंडिया के ड्रेस कोड का पालन करना मुश्किल होगा ।कुछ कर्मचारियों का कहना है कि कोल इंडिया ने अध्यक्ष से लेकर जेनरल असिस्टेंट तक के लिए एक ड्रेस कोड निर्धारित किया है, यह बहुत अच्छी बात है। चाहे जो हो हम ड्रेस कोड का नियमत: पालन करेंगे। लेकिन कोयला खदानों में कार्यरत कर्मचारियों को इस ड्रेस कोड के पालन में परेशानी होगी ।

इस मामले में के अधिकारियों ने बताया कि कोल इंडिया के ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को इस ड्रेस कोड के पालन में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी ।

### सांसद ज्योत्सना महंत ने अफजल को प्रतिनिधि किया नियुक्त

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने नगर पालिका दीपका के पूर्व एल्डरमैन अफजल अली को दीपका पालिका क्षेत्र के असंगठित मजदूरों के जनहित से जुड़े कार्यों के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अफजल अली को सांसद श्रीमती महंत ने नियुक्ति पत्र सौंपा है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश परसाई, सूरज महंत सहित अन्य उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर अफजल अली ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हित में काम करेंगे। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने का प्रयास रहेगा।

# वर्ष 2007 में सामान्य कोटे से हुई नियुक्ति फिर 2015 में बनवा लिया बहरा होने का सर्टिफिकेट

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा के एक शिक्षक पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर पदस्थापना में लाभ लेने का शिक्षिका ने लगाया आरोप

### अब युक्तियुक्तकरण का भी ले लिया लाभ




**जांजगीर-चांपा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा के एक शिक्षक पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर युक्तियुक्तकरण के दौरान अतिशेष से बचने और पदस्थापना में लाभ लेने का गंभीर आरोप लगा है। उसी स्कूल में पदस्थ रही एक शिक्षिका का आरोप है कि संबंधित शिक्षक की नियुक्ति वर्ष 2007 में सामान्य कोटे से जनपद पंचायत नवागढ़ के अधीन अन्य स्कूल में हुई थी फिर वर्ष 2015 में उसने दिव्यांग प्रमाण पत्र पेश कर न केवल शासकीय एवं अनिवार्य कार्य से बचने का पैतरा अपनाया बल्कि, उसी प्रमाण पत्र के आधार पर अब वह अतिशेष होकर वहां से स्थानांतरित होने से भी बच गया। प्रभावित शिक्षिका ने इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर जांजगीर-चांपा से करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है तथा शिकायत पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में उसने उच्च न्यायालय की शरण लेने की बात कही है।

शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा राठौर पति आनंद प्रकाश राठौर ने कलेक्टर को प्रेषित अपनी शिकायत पत्र में कहा है कि नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा में उसकी प्रथम नियुक्ति विज्ञान शिक्षिका के रूप में 30 सितंबर 2010 को हुई थी। सन 2014-15 में मर्ज हो चुके स्कूल के दो शिक्षक अभिनव तिवारी एवं तुलेश देवांगन की कार्यालय संयुक्त संचालक बिलासपुर द्वारा पदोन्नति उपरांत मई 2023 में दिव्यांग कोटे से उनकी पदस्थापना आदेश शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा के नाम से जारीकर दिया गया। जबकि, उनकी पूर्व पदस्थापना एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा का यू डाइस कोड अलग है। इसके बावजूद उन दोनों शिक्षकों को नियम विरूद्ध ज्वाइनिंग करा दी गई। शिकायत पत्र में आगे कहा गया है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा में पद की प्रत्याशा में शिक्षक अभिनव तिवारी को विज्ञान विषय में पदस्थ कर दिया गया जबकि, पूर्व से ही श्रीमती ममता डहरिया इसी स्कूल में विज्ञान विषय में कार्यरत थी। बाद में उनकी पदोन्नति होने पर वहां विज्ञान विषय का पद रिक्त नहीं होते हुए भी शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन पिता ईतवारी राम देवांगन को नियम विरूद्ध ज्वाइनिंग करा दिया गया। चूंकि, तुलेश कुमार देवांगन की प्रथम नियुक्ति प्राथमिक शाला पचेड़ा में सामान्य कोटे से हुई थी। शिक्षिका का आरोप है कि शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन द्वारा 16 जनवरी 2015 को जिला अस्पताल जांजगीर के तत्कालीन नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉक्टर एस.सी. श्रीवास्तव से बहरा होने का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर पदोन्नति के बाद काउंसलिंग में नजदीक के स्कूल में पदस्थापना के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र का गलत तरीके से लाभ लिया गया। जबकि, शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ को उपलब्ध कराए गए दिव्यांग प्रमाण पत्र में उसकी वैधता प्रमाण पत्र जारी होने से तीन वर्ष तक के लिए ही उल्लेखित है।

**दिव्यांग भत्ता से छूट, अतिशेष में लाभ**

शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा राठौर का आरोप है कि शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन की नियुक्ति सामान्य कोटे से हुई है और उनके द्वारा विभाग से दिव्यांग भत्ता नहीं लिया जा रहा है। विभागीय दिव्यांग सूची में भी उनका कहीं जिक्र नहीं है मगर, पदोन्नति और पदस्थापना में उसे दिव्यांगता का पूर्ण लाभ दिया जा रहा है। उनका यह भी आरोप है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नवागढ़ में पदस्थ कुछ अधिकारी-कर्मचारियों से शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन की निकटता है, जिसके कारण उन्हें नियम विरूद्ध दिव्यांगता का लाभ दिया जा रहा है।

**राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच की मांग**

शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा राठौर ने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि नि:शक्तता नहीं होते हुए भी अब युक्तियुक्तकरण में अतिशेष से बचाने के लिए उसके द्वारा वर्ष 2015 में प्रस्तुत किए गए दिव्यांगता प्रमाण पत्र को वैध बताकर लाभ दिया गया है, जबकि नियमत: उनके दिव्यांगता की जांच संभाग एवं राज्य मेडिकल बोर्ड से कराकर ही उन्हें युक्तियुक्तकरण के तहत लाभ दिया जाना चाहिए था। इस संबंध में अनेक बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर को शिकायत पत्र प्रेषित कर उचित कार्यवाही की मांग की गई थी परन्तु, शिकायत पत्र पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। ऐसे में इस पूरे मामले की पुन: सक्षम अधिकारियों से शिकायत कर शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन के दिव्यांगता की जांच राज्य मेडिकल बोर्ड से कराने की मांग की गई है।

**दिव्यांग संगठन ने लिया संज्ञान**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखरा के शिक्षक तुलेश कुमार देवांगन के मामले में अब छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन अधिकार सहयोग समिति ने संज्ञान ले लिया है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष राधाकृष्ण गोपाल का कहना है कि कोई भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र केवल तीन वर्ष के लिए जारी होता है, जिसमें स्पष्ट तौर पर इस बात का उल्लेख होता है कि समय-समय पर उसका नवीनीकरण आवश्यक है। परन्तु, तुलेश कुमार देवांगन को जिस प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांगता का लाभ दिया गया है, उसकी वैधता वर्ष 2018 में समाप्त हो चुकी है। ऐसे में राज्य मेडिकल बोर्ड से उनकी दिव्यांगता की जांच कराकर पात्र मिलने पर ही उनको दिव्यांगता का लाभ मिलना चाहिए। अन्यथा, उनके विरूद्ध शासन-प्रशासन को धोखाधड़ी एवं अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज करवाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## चार लाख का अवैध फटाखा पुलिस ने किया बरामद

**जांजगीर।** पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध फटाका की भंडारण एवं बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा अवैध रूप से फटाखा बिक्री हेतु रखने वाले के विरुद्ध मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया जिसमें निर्मल गुरनानी निवासी वार्ड नम्बर 15 नेताजी चौक जांजगीर द्वारा लक्ष्मी बेंगल जनरल स्टोर दुकान में अवैध रूप से फटाखा कीमती ?4,00,000/- को बरामद कर, आरोपी के विरुद्ध



धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया

## एक साथ मिलेगा चावल तीन महीने का

**गोधना।** ग्राम बोरदा में आगामी तीन माह के चावल वितरण एवं जिला सहकारी बैंक शिवरीनारायण द्वारा किसानों के लिए एटीएम कार्ड बनाया जाएगा। ग्राम कोटवार लीलाराम द्वारा मुनादी के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई। राशन कार्डधारकों को एक साथ तीन महीने का चावल वितरित किया जाएगा। भीड़ से बचने के लिए यह वितरण वार्ड वार किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन कम से कम दो वार्डों के लोगों को चावल दिया जाएगा। इससे वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित होगी। इसके साथ ही सहकारी बैंक के किसान खाताधारकों के लिए एक विशेष सुविधा के तहत एटीएम कार्ड बनाए जाएंगे। किसानों को बैंक में लंबी कतारों में खड़े होकर पैसे निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एटीएम सुविधा उपलब्ध होने के बाद वे कभी भी आसानी से राशि निकाल सकेंगे। एटीएम कार्ड के लिए सहकारी बैंक शिवरीनारायण में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी अन्य आवश्यक पहचान संबंधी दस्तावेज जमा करना होगा।

## संकल्प सिद्धि अभियान पर कोड़ाभाटा में भाजपा की कार्यशाला



**जांजगीर-चांपा।** एक देश में दो विधान और दो निशान हटाने, धारा 370 को हटाना संकल्प से सिद्धि है। उक्त बातें कोड़ाभाट भाजपा मंडल के ''संकल्प से सिद्धि'' कार्यक्रम के कार्यशाला के अतिथि वक्ता भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने कही । शिव शक्ति कॉलेज खोरसी के सभागार में आयोजित कार्यशाला में मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इंजी. पाण्डेय ने कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में बरसों पहले संकल्पित विषयों को सिद्धि तक पहुंचाया है जैसे कश्मीर से धारा 370 को हटाना जिसका संकल्प 1952 में लिया गया था, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जिसका संकल्प 500 साल पूर्व लिया गया था, जी 20 में भारत देश की अध्यक्षता, मजबूत राष्ट्र बनने का परिणाम है, उसी तरह विकसित राष्ट्र का संकल्प 2047 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ पर सरस्वती माता, भारत माता, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। स्वागत भाषण और कार्यक्रम की रूपरेखा की प्रस्तुति मंडल के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला के संयोजक बसंत यादव ने और आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री उत्तम कुमार सोनी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से शिवशक्ति कॉलेज के डायरेक्टर प्रशांत दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण शर्मा, मंडल महामंत्री राजकुमार साहू, रामकृष्ण सोनी, रजनी देवी साहू मंत्री, दीपक कुमार साहू, पुष्पेन्द्र सिंह, सीताराम उजीर, पुष्पराज त्रिपाठी, नागेन्द्र साहू, पुरूषोत्तम साहू, खेदनाथ साहू, राजेन्द्र आदित्य बूथ अध्यक्ष खरौद, विजयलाल आदित्य पूर्व पार्षद, विजय कुमार यादव, अश्वनी कुमार देवांगन, राखीराम, रंजन प्रसाद, संखनंदन देवांगन, हरीश गिरी गोस्वामी, प्रखर यादव, योगेश भेड़पाल, दुर्गेश देवांगन मोहन पटेल, राकेश कहरा एवं बड़ी संख्या मे मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खरीपथरा मार्ग का सुधार करने से आवागमन में होगी राहत



**अमलीपदर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बने अमलीपदर से खरीपथरा तक के 11 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग की मरम्मत कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। यह वही सड़क है जिसकी बदहाली और जर्जर हालत को लेकर मीडिया ने खबरें छपीं थी। अब निर्माण एजेंसी ने गड्ढों से भरे इस मार्ग की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ग्रामीणों और राहगीरों को इस मार्ग से खासा दिक्कत हो रही थी। कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। फिलहाल ठेकेदार द्वारा इन गड्ढों को गिट्टी से भरा जा रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो आगे इस मार्ग पर डमरीकरण कर उसे सुगम और सुरक्षित बनाया जाएगा। गौरतलब है कि यह सड़क करीब 1.10 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई थी और यह अभी तक गारंटी अवधि में है।

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाए गए मार्गों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी ठेकेदार को पांच वर्षों तक निभानी होती है। इसी प्रावधान के अनुसार, ठेकेदार ने अब मरम्मत कार्य शुरू किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग पिछले पांच वर्षों में तीन बार मरम्मत के बावजूद बार-बार खराब होता रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति गांव के मध्य भाग में थी, जहां मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका था। अब जब मरम्मत कार्य शुरू हुआ है।

## अतिशेष शिक्षकों का हो जिले में समायोजन:ब्यास कश्यप

**जांजगीर चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने संचालक लोक शिक्षा को पत्र लिखकर जांजगीर चांपा जिले के सभी अतिशेष शिक्षकों को जिले में ही समायोजित करने की मांग की है । अपने रायपुर प्रवास के दौरान लोक शिक्षण संचालनालय के उपसंचालक अशोक नारायण बंजारा से मुलाकात कर उन्हें जांजगीर चांपा जिले में युक्ति युक्तकरण में की गई घोर अनियमितताओं से अवगत कराया तथा इसके दोषी अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग भी की। संचालक को लिखे पत्र में उन्होने लिखा है कि जिला जांजगीर में शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण में नियमों की अवहेलना की गई है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए लिखा है कि नियम में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जितने अतिशेष शिक्षक होंगे उतने रिक्त पद दर्शित किए जाएं। शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालय में पदांकन के पश्चात अधिक दर्ज संख्या वाले स्कूलों में शिक्षकों को पदस्थ किया जाए। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया गया। काउंसलिंग के दौरान जिले में अधिक दर्ज संख्या वाले स्कूलों में रिक्त पद नहीं दिखाया गया। जिसके कारण जिले के 110 शिक्षकों को जिले से बाहर जाना पड़ गया। कई व्याख्याता भी जिले से बाहर हो रहे हैं। आगे उन्होंने लिखा है कि मिडिल स्कूलों में शिक्षक की नियुक्ति के लिए राजपत्र में संशोधन कर विषय बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अभी भी जांजगीर चांपा जिले में अंग्रेजी विषय के 81 एवं अन्य विषयों सहित कुल 113 पद रिक्त हैं लेकिन इन पदों पर अतिशेष शिक्षकों को समायोजित करने के बजाय उन्हें संयुक्त संचालक बिलासपुर भेज दिया गया जिसके फलस्वरूप उन्हें अन्य जिलों में दूरस्थ स्कूलों में पदस्थ कर दिया गया है जहां वे पुन: अतिशेष के दायरे में हैं।

उन्होंने जांजगीर चांपा जिले में की गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया को विसंगतिपूर्ण बताते हुए इसे निरस्त कर नियमानुसार पुन: काउंसलिंग कराने की मांग की है। साथ ही युक्ति युक्तकरण में गंभीर अनियमितता के लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें निर्णय लेने में अक्षम बताते हुए नियमों की अवहेलना व शासकीय निर्देश का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है।

## प्लास्टर गिर रहा छत से, अनहोनी की बनी आशंका



**तमता।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल, तमता के अतिरिक्त कक्ष में 2023 में जीर्णोद्धार कार्य किया गया था, लेकिन यह मरम्मत कार्य भ्रष्टाचार और लापरवाही का शिकार हुआ है। कक्ष में लगी छत का प्लास्टर गिरने लगा है, और दीवारों में दरारें भी आ गई हैं, जिससे छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यह कार्य 2023 में जिला खनिज न्याय निधि योजना के तहत ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा कराया गया था, जिसकी लागत 8.03 लाख रुपए थी। लेकिन मात्र एक साल बाद ही इस भवन की स्थिति खराब हो गई है, जिससे इस कक्ष का उपयोग करने में दिक्कतें आ रही हैं।

स्कूल के प्रधान पाठक बी.एस. पैकरा ने बताया कि इस अतिरिक्त कक्ष में 11वीं और 12वीं कक्षाएं संचालित होती हैं। कक्ष के छत का प्लास्टर गिरने से बच्चों को बैठाना मुश्किल हो गया है। प्रधान पाठक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर जल्द ही मरम्मत नहीं कराई गई, तो स्कूल के खुलने पर विद्यार्थियों को अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों और स्कूल प्रशासन का आरोप है कि मरम्मत कार्य में भारी लापरवाही की गई है और निर्माण गुणवत्ता में भी कमी रही है। यदि इस कक्ष में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो छात्रों की पढ़ाई पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा।

## बंटवारा विवाद को लेकर बहू ने पीटा सास को

**बिलासपुर।** जमीन बंटवारा के लिए सास के साथ बहू ने मारपीट की। इससे सास को चोट लगी। उसने बेटे के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। लाखासार निवासी जेठिया बाई सूर्यवंशी पति विश्राम प्रसाद सूर्यवंशी (60) गृहिणी हैं। उसकी बहू दुर्गा सूर्यवंशी कुछ दिनों से जमीन बंटवारा को लेकर विवाद कर रही थी। बुधवार की सुबह 7 बजे बंटवारा के लिए गाली गलौज करने लगी। सास ने मना किया तो वह जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारने लगी। इससे उन्हें चोट आई। बेटा साजन सूर्यवंशी ने बीच बचाव किया। बाद में वह साजन के साथ ही थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. RD 202425550106000001
अ-6/2024-25
ग्राम- पोढ़ीमार, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष पुरी गोस्वामी उम्र-42 वर्ष पिता श्री धरमपुरी गोस्वामी जाति गोस्वामी निवासी वार्ड नं. 18. सुमित्रा सदन शंकर नगर कॉलोनी फ्यूजन कपड़ा दुकान के पीछे जांजगीर चांपा जांजगीर थाना जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा के द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 14 रा.नि.म. कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 384/5 रकबा 0.0360 हे. भूमि आवेदक की माता के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक की माता श्रीमती सुमित्रा देवी गोस्वामी दिनांक 18/01/2025 को हो गयी है। आवेदक की माता जी के मृत्यु उपरांत वैद्य वारिसान आशीष पुरी, अभिषेक पुरी गोस्वामी एवं सुमित्रा गोस्वामी उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदक एवं अन्य उक्त भूमि को अपने नाम पर फौती नामांतरण किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 109, 110 अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 23/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलमुद्रा से जारी ।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

## ब्लास्टिंग के कंपन से घरों में दरारें

**रायगढ़।** जिले के कोड़केला गांव में रहने वाले लोगों को अब अपने ही घर में डर लगने लगा है। यहां कोयला खनन के लिए किए जाने वाले ब्लास्ट के कंपन से घर की दीवारों में दरारें पड़ गई है। जब ब्लास्ट होता है तो किचन में रखे बर्तन झनझनाते है। पक्के घरों की छत और कच्चे मकान के छप्पर गिर जाते है। इस समस्या से परेशान ग्रामीण हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ 11 जून बुधवार को धरने में बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप यह भी है कि कंपनी को इसकी जानकारी होने के बावजूद ना कोई मरम्मत ना कोई मुआवजा दिया जा रहा है। ग्रामीण 8 घंटे तक धरने पर बैठे रहे जिसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें 3 दिन में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## स्टैट बैंक से छोटे नोटो की व्यवस्था कराने की मांग

**चांपा।** छोटे नोटों की किल्लत से व्यापारी वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में 10, 20 और 50 रुपए के नोटों की कमी के कारण रोजमर्रा के लेन-देन में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की चांपा इकाई ने भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) के शाखा प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा।

कैट चांपा के अध्यक्ष राजन गुप्ता की ओर से दिए गए पत्र में अनुरोध किया कि एसबीआई चांपा शाखा में शीघ्र चिल्लर वितरण शिविर का आयोजन कर व्यापारियों को राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि छोटे नोटों की अनुपलब्धता के कारण ग्राहक और दुकानदार दोनों असहज स्थिति में आ जाते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन सौंपते समय कैट के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से राजन गुप्ता, सीलम मेमन, जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू, मनोज धामेचा, धीरज सोनी, राजकुमार सोनी और संतोष जब्बल शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह समस्या केवल चांपा ही नहीं, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखी जा रही है, जहां व्यापारी नगद लेन-देन पर ही निर्भर हैं।

कैट सदस्यों ने बताया कि पहले भी इस तरह की स्थिति बनी थी, लेकिन बैंक द्वारा समय-समय पर चिल्लर वितरण से राहत मिली थी। इस बार भी यही अपेक्षा की जा रही है कि बैंक प्रशासन शीघ्र इस विषय में सकारात्मक कदम उठाएगा। व्यापारियों ने मांग की है कि चिल्लर वितरण का कार्यक्रम सप्ताह में कम से कम एक बार आयोजित किया जाए और इसकी पूर्व सूचना व्यापारियों को दी जाए,




ताकि वे अपनी सुविधानुसार बैंक आकर छोटे नोट प्राप्त कर सकें।

## महज दो घंटे में 200 बसों की जांच पूरी,दस्तावेजों में मिली कई खामियां

**बिलासपुर।** बिलासपुर सहित प्रदेशभर में 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे है। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने 200 से अधिक स्कूल बसों की जांच की। लेकिन, यह महज औपचारिक रहा। इस दौरान बस ड्राइवर आधे-अधूरे दस्तावेज लेकर पहुंचे, जांच में पता चला कि कई बसों में फिटनेस सहित अन्य दस्तावेजों की कमी है।

11 जून बुधवार की सुबह सवा 11 बजे पुलिस मैदान में पुलिस, यातायात और आरटीओ की तीन सदस्यीय टीम स्कूल बसों में चढ़कर महज एक मिनट रुक रही थी। फिर दूसरी- तीसरी बस। ऐसा करते-करते दोपहर के एक बज गए और 200 से अधिक बसों की जांच पूरी हो गई।

इसमें से ज्यादातर बसों पास कर दिया गया, जबकि कुछ को फेल। अगर सवा 11 बजे से एक बजे को मिनट में गिना जाए तो 160 मिनट होते हैं। यानी कि महज एक मिनट में बसों को फिट और अनफिट करार दिया गया है।जबकि स्कूल बसों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जो 16 बिंदू निर्धारित किए हैं, उसे देखने में ही 10 से 15 मिनट लग सकते हैं। टीम ने ये निर्णय बस ड्राइवरों के पास पहले से मौजूद फिटनेस प्रमाण पत्र को आधार मानकर दिया है।

## अंडरब्रिज के पास टीवी सेंटर में आगजनी से संचालक को लाखों की चपत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के संजय नगर अंडरब्रिज के पास स्थित कुमार टीवी सेंटर में लगी आग से करीब 25 से 27 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल टीवी सेंटर में आग लगने का कारण अज्ञात है। मगर शॉर्ट सर्किट से होने की आशंका जताई जा रही है। घटना चांपा थाना क्षेत्र की है।



दुकान संचालक ने बताया कि गत मंगलवार की रात दुकान बंद करके वे घर चले गए थे। बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दी। जब दुकान का दरवाजा खोला गया तो अंदर आग लगी मिली।

आग की चपेट में आने से दुकान में रखे टीवी, इनवर्टर, बुफर बॉक्स समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। घटना के समय दुकान बंद होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही चांपा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए दो दमकल गाड़ियां भेजी गईं। लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। चांपा पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

## अनमोल वचन......

**आप कितने भी बड़ेबन जाएं अगर आपके अंदर इंसानियत नहीं है तो सब बेकार है।**

# तथ्यों को दबाना संभव नहीं

*प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में जो कहा है वह सबकी आंखें खोल देने वाला है। इससे साबित होता है कि जब दो देशों के बीच छिटपुट सैन्य संघर्ष की स्थिति हो तो ऐसे में असत्य अवधारणाओं और समर्थक मीडिया के सहारे ही बढ़त नहीं ली जा सकती। तथ्यों को दबाना संभव नहीं होता और वे किसी न किसी रास्ते बाहर आ ही जाते हैं। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिये एक साक्षात्कार में जनरल चौहान ने पड़ोसी देश के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष में साफ ब्योरा न देते हुए भारतीय पक्ष को हुए नुकसान की एक तरह से स्पष्ट स्वीकारोक्ति की है।*

*उनका कहना था विमान गिरे यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्यों गिरे यह जानना जरूरी है। प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया, लंबी दूरी का लक्ष्य कर अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में काफी अंदर तक सटीक हमले किए जिससे पाक संघर्ष विराम की गुहार लगाने पर मजबूर हुआ। हालांकि उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे को 'सरासर गलत' बताया। जनरल चौहान की टिप्पणी से वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती की उस बात को भी बल मिला कि 'नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है।' भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह मई की देर रात 'ऑपरेशनसिंदूर के तहत ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसी लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकियों के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। हमले के बाद चार दिन तक सैन्य टकराव हुआ। दोनों देशों के बीच दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। इस सारे मामले में विपक्ष और देशवासियों को सही तथ्यों से अनभिज्ञ रखने की केंद्र सरकार की नीति सवालों के घेरे में है। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्पति के भारत-पाक में सीजफायर कराने के दावों ने पहले हास्यास्पद स्थिति पैदा की हुई है। वायु सेना प्रमुख की हाल में रक्षा उपकरणों को लेकर किए गए वादों को समय से पूरा न करने संबंधी टिप्पणी भी चिंताजनक है। सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार से कहा है कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। पार्टी ने 1999 में करगिल समीक्षा समिति के गठन की तर्ज पर समीक्षा समिति का सवाल उठाया है। रक्षा विशेषज्ञ 'उपयुक्त युद्ध सामग्री नहीं होने के कारण' सैन्य संघर्ष की पहली रात नुकसान होने की बात कह रहे हैं। सब कुछ बहुत उलझा हुआ और चिंताजनक है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। आज माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा।

**वृष राशि-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाईम स्पेंड करेंगे , घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आपअपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आपके कार्य समय से पूरे होते चले जायेंगे।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है, आप उनसे अपनी कुछ निजी बातें शेयर कर सकते हैं, मन हल्का होगा। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आजकिसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है, पढ़ाई में आ रही बाधाएं किसी की मदद से दूर हो सकती हैं।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जायेगा, साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिये ट्यूशन क्लासेज लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके आस-पासके लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे।

**तुला राशि-** आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा, जिससे कुछ बदलाव होना संभव है। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है, ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक से आपको किसी काम के लिये बाहर भेजा जा सकता है।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आज जीवनसाथी आपको एक बड़ी खुशखबरी देंगे, परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। अपने कठिन विषयों को समझने के लिये किसी की मदद लेंगे।

**मकर राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी काम में माता- पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। आपके धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जायेगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे एवं काम भी बेहतर ढंग से चलेगा।

**मीन राशि-** आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे, इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं।

# चुप्पी से सुरक्षा तकः मोदी सरकार के शासन में कानूनी सुधारों ने महिला सुरक्षा को नया रूप दिया

//सुश्री सावित्री ठाकुर //

**2012 में क्रूर निर्भया कांड ने देश की अन्तरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा में भारत के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे की गहरी कमियों को भी उजागर कर दिया था। अपर्याप्त पुलिस व्यवस्था, धीमी न्यायिक प्रक्रिया, पुराने पड़ चुके कानून और पीड़ितों के ना-काफी सहायता इंतजाम निराशाजनक तस्वीरें पेश कर रहे थे। 2014 तक, भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता में जबरदस्त आक्रोश था। लेकिन कानूनी तंत्र सुस्त पड़ा था। फास्ट ट्रैक कोर्ट महज एक अवधारणा थी, वास्तविकता नहीं। कोई एकल समाधान और केंद्र नहीं थे, कोई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नहीं थी, जांच तेज़ करने के लिए कोई फोरेंसिक (न्यायालयिक विज्ञान जांच) सहायता नहीं थी और इन उपायों के संचालन के लिए कोई समर्पित निधि भी नहीं थी। महिलाओं के मुद्दों को सामाजिक सरोकारों के तौर पर देखा जाता था-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के रूप में नहीं।**

मोदी युगः सुरक्षा से संरचनात्मक सशक्तिकरण तक

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासन में सुस्त आंशिक प्रतिक्रिया की जगह अब कानूनी सुधार, संस्थानों के दायित्वपूर्ण रवैये और हर महिला के सम्मान से संबधित दृष्टिकोण को मिशन-मोड में अपनाते हुए व्यापक बदलाव किया है। सरकार ने देश भर में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित विशेष न्यायालय) की स्थापना की शुरुआत की और आज ऐसी 745 अदालतें क्रियाशील हैं। इनमें 404 विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों को निपटाती हैं। वर्ष 2014 की तुलना में जब वन स्टॉप सेंटर (शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता और निवारण संबंधी केंद्र) अस्तित्व में नहीं थे, अब 820 से अधिक जिलों में ये पूरी तरह कार्यान्वित हैं जो हिंसा से प्रभावित किसी भी महिला को एक ही स्थान पर कानूनी सहायता, पुलिस हस्तक्षेप, आश्रय और परामर्श प्रदान करते हैं। इस पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में आरंभ की गई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 ने हर दिन चौबीसों घंटे 86 लाख से अधिक महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, देश भर में 14,600 से अधिक पुलिस स्टेशनों (पुलिस थाने) में अब महिला हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जिनमें महिला अधिकारी मौजूद हैं। यह महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध की स्थिति में पहले बरते जाने वाली उदासीनता या यहां तक कि आक्रामकता के माहौल की अपेक्षा अधिक संवेदनशीलता और सहायता प्रदान करने के माहौल में बदल गए हैं। निर्भया कोष के ज़रिए सरकार ने वर्ष 2014 से पहले की ढुलमुल प्रतिक्रिया प्रणाली की तुलना में अब महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित 50 से ज़्यादा बड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 में कुछ आवश्यक सुधारों से शुरुआत के बाद अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 2023 में संबंधित कानूनों के व्यापक संहिताबद्ध किए जाने से औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्यायशास्त्र की जगह अब भारतीय संदर्भ में कानून परिभाषित किए गए हैं।

नए कानूनों में महिलाओं के विरूद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है। पीड़ित के बयानों को वीडियो-रिकॉर्ड किया जाना अनिवार्य बनाया गया है जिसमें संवेदनशीलता बरतने के लिए महिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बयान दर्ज कराने को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल स्टॉकिंग (डिजिटल माध्यम से पीछा करना), वॉयरिज्म (रति क्रिया छुपकर देखना) और शादी के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण जैसे अपराधों को पहली बार आपराधिक बनाया गया है। कानूनी प्रणाली में अब तेजाब हमलों, मानव तस्करी, सामूहिक बलात्कार और हिरासत में यौन हिंसा के विरूद्ध कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, बलात्कार पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान न करना भी अपराध माना गया है। पुराने संरक्षणवादी प्रतिबंधों को हटाते हुए महिलाओं को अब कानूनी रूप से किसी भी क्षेत्र में और किसी भी समय काम करने की अनुमति है, जो उनके खुद निर्णय लेने की आजादी की पुष्टि करते हैं। महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधार भी किए गए हैं जिनमें गवाहों की सुरक्षा और डिजिटल साक्ष्यों को मंजूरी देना शामिल है। यौन हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को यह पुनर्परिभाषित करता है।ये सभी केवल संशोधन भर नहीं हैं - ये पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रणाली को पुनःस्थापित करते हैं।

कानूनी सुरक्षा के दायरे से परे, महिलाओं के प्रति सरकार का दृष्टिकोण सामाजिक, वित्तीय और डिजिटल सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं में कानूनी सुधार लाना है। मातृत्व अवकाश को अब 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है, और 50 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों मैं अब क्रेच (बच्चों की देखभाल) की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। महिलाएं अब सशस्त्र बलों में युद्धक-भूमिकाओं में सक्रियता से भाग ले रही हैं। वे सैनिक स्कूलों में प्रवेश पा रही हैं, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दाखिला ले रही हैं, और स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं। ये ऐसे उल्लेखनीय बदलाव हैं जो पहले उनके लिए बहुत मुश्किल थे। तीन तलाक जैसी भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कानूनी तौर पर समाप्त कर दिया गया है, साथ ही महिलाओं को अब पुरुष अभिभावक के बिना भी हज यात्रा करने की अनुमति है। न्याय प्रदान करने को अब समुदाय-आधारित नारी अदालतों और शी-बॉक्स 2.0 जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से विकेंद्रीकृत और डिजिटीकृत किया गया है। इससे सीधे जमीनी स्तर पर समयबद्ध निवारण तंत्र सक्रिय हो गया है।

वर्ष 2014 से पहले, महिलाओं की सुरक्षा को अक्सर नीति नहीं बल्कि सुर्खियों से प्रेरित प्रतिक्रियात्मक मुद्दे के रूप में देखा जाता था लेकिन आज यह शासन की संरचना में अंतर्निहित है जो वित्त पोषित, फोरेंसिक उपकरणों, कानूनी सुधार और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा सहायता प्रदत्त है। अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही अब स्पष्ट दृष्टि है कि इस नए भारत में कोई भी महिला अकेली नहीं है। अब उसकी सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि सरकार की क्षमता से समर्थित संवैधानिक गारंटी है। यह यात्रा अभी जारी है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा में हम अब तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक भागीदारी और कानूनी प्रतिबद्धता के साथ, भारत निश्चित रूप से एक महिला के रहने, काम करने और नेतृत्व करने का सबसे सुरक्षित स्थान बन सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य

//अवधेश कुमार//

**हमारे सामने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य हैं। विदेश गए सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने इस तरह भारत का पक्ष प्रस्तुत किया जैसे देश पाकिस्तान केंद्रित सीमा पार आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पूरी तरह एकजुट है और कोई विपक्ष है ही नहीं। दूसरी ओर आप पहलगाम हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद देश के अंदर विपक्ष की भूमिका देखिए, किसी भी देशभक्त और सच्चाई का ज्ञान रखने वाले निष्पक्ष व्यक्ति का दिल दहल जाएगा या फिर उसको गुस्सा आएगा। ऐसा कोई दिन नहीं जब विपक्ष के बड़े नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश नहीं कर रहे।**

लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले दिन से प्रश्न उठा रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान को नुकसान हुआ। लगभग यही स्वर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का है। जयराम रमेश ने तो लगता है जैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' को ही अपने सोशल मीडिया का मुख्य विषय बना दिया है। सबसे अंतिम हमला सिंगापुर शंग्रीला सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के भाषण और ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार पर है। सभी नेता एक साथ टूट पड़े हैं कि अब सरकार बताए कि कितने राफेल नष्ट हुए, इस पर संसद का विशेष सत्र बुलाएं तथा रिव्यू कमेटी यानी पुनरीक्षण समिति बनाया जाए। इसमें यहां विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं है।

सीडीएस का पूरा इंटरव्यू सबके सामने है। उसमें कहीं नहीं है कि पाकिस्तान ने हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए या हमें कोई बड़ी क्षति हुई। यह सामान्य बात है कि कोई भी युद्ध या लड़ाई एकपक्षीय क्षति वाली नहीं होती। यही सीडीएस ने कहा है। किसी को ज्यादा क्षति होगी किसी को कम। मूल बात यह है कि भारत ने पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का ऐसा करारा प्रत्युत्तर दिया, जिससे उसकी हुई व्यापक क्षति के बारे में दुनिया के विशेषज्ञ बता रहे हैं और उनसे संबंधित उपग्रह के चित्र आदि सामने ले जा चुके हैं। कई बार लगता है कि हम सरकार को घेर रहे हैं सेना और देश को नहीं। किंतु इसका दूसरा पहलू यही है कि सरकार निर्णय करती है क्रियान्वित सेना करती है। सेना सरकार के लिए नहीं देश के लिए सैन्य कार्रवाई करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में सरकार ने यह तय नहीं किया होगा कि सेना कैसे कार्रवाई करे कि हथियार, लड़ाकू विमान, मिसाइल, राडार आदि का प्रयोग करें या कितने जवान उनमें लगें। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री सीडीएस, तीनों सेना के प्रमुखों से लेकर विदेश मंत्री, उनसे जुड़े मंत्रालय, रक्षा मंत्री, मंत्रालयों के अधिकारी एवं अन्य अलग-अलग आवश्यक क्षेत्र के शीर्ष लोगों से मिल रहे थे उससे साफ था की रणनीति पर गहराई से विचार हो रहा है। निश्चित रूप से सैन्य रणनीतिकारों ने अपनी पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें आस्त किया होगा या फिर उनकी जो आवश्यकता होगी उसके बारे में बात की होगी। सरकार यानी राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका साहसपूर्वक निर्णय करने के साथ सेना को कार्रवाई और रणनीति की संपूर्ण स्वतंत्रता देना तथा अपने व्यवहार एवं कदमों से आस्त करना कि कार्रवाई में किसी तरह की आवश्यकता में कमी नहीं होगी। कहने का तात्पर्य कि पाकिस्तान की सैन्य प्रतिक्रियाओं का उत्तर हमारी सेना दे रही थी। यह भी सच है कि टकराव शुरू होने के बाद विदेश के प्रमुख नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व से ही संपर्क किया होगा। सरकार की ओर से अमेरिकी उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि ने कब-कब किसे कॉल किया इसका भी विवरण देश के सामने रखा जा चुका है।

ट्रंप के भी वक्तव्य में क्या है। हमने दोनों देशों को समझाया..उन्हें कहा कि आपके साथ पूरा ट्रेड करेंगे..दोनों देश के नेताओं ने बुद्धिमता का परिचय दिया..हमने दो न्यूक्लियर यानी नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय टकराव रोका आदि आदि। इसी में एक जगह उन्होंने किसी तटस्थ स्थान पर मध्यस्थता में बातचीत कराने का भी वक्तव्य दे दिया। यह बात अलग है कि अपनी मध्य पूर्व यात्रा के दौरान उन्होंने बोल दिया कि हमने कोई मध्यस्थता नहीं की। सामान्य तौर पर भी जिन्होंने भारत के वक्तव्यों पर ध्यान दिया होगा उन्हें स्पष्ट है कि हमारे स्टैंड में किंचित भी अस्पष्टता नहीं थी।

10 मई को ही भारत ने साफ कर दिया कि किसी तरह की आतंकवादी घटना युद्ध मानी जाएगी। दूसरे, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन, फिर आदमपुर और बीकानेर के भाषणों में एक-एक बिंदु रख दिया कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार और आतंकवाद नहीं चलेगा। यहां तक कि पानी और खून भी एक साथ नहीं बहेगा। यह भी कहा कि अब अगर आतंकवादी घटना हुई तो सेना को सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। हम इसे केवल आतंकवादियों की नहीं मानकर पाकिस्तान सरकार और सेना की कार्रवाई मानेंगे और उसी प्रकार प्रत्युत्तर देंगे। सबसे बढ़कर पाकिस्तान से बातचीत होगी तो केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर।

बावजूद आप लगातार प्रश्न उठा रहे हैं तो इसे भारत या सेना का कतई समर्थन नहीं कहा जाएगा। यह सेना व देश दोनों का विरोध है। विडंबना देखिए कि अमेरिका भी नहीं कह रहा है कि हमने दबाव डालकर युद्धविराम कराया या रु कवाया, मध्यस्थता शब्द भी कहीं से नहीं आ रहा। अमेरिका गए प्रतिनिधिमंडल को भी ट्रंप प्रशासन के लोगों ने ऐसा नहीं कहा, हमारा दुश्मन और पाकिस्तान का समर्थन करने वाला चीन तक नहीं कह रहा कि भारत ने दबाव में युद्ध रोका और भारत-पाक के बीच बातचीत होगी।

अब देश को पूछना चाहिए कि राहुल गांधी, खरगे, रमेश, अखिलेश यादव आदि को यह जानकारी कहां से मिल गई। दूसरे, अगर हमारी सेना ने पाकिस्तान को पस्त किया तो फिर आप युद्ध में क्षति का प्रश्न किससे पूछ रहे हैं। जब आप किसी सैन्यबल वाले शत्रु देश को सबक सिखाने गए हैं तो माना गया होगा कि हमारी भी क्षति हो सकती है। मुख्य बात यह होती है कि हमारी क्षति और हमारे बलिदान का पूरा मूल्य हमें प्राप्त हुआ या नहीं। इस मायने में देखें तो जैसी कार्रवाई भारत ने की, संपूर्ण विश्व में उसका लोहा माना गया और हमारे स्वदेशी तकनीक से निर्मित हथियारों की मांग दुनिया में बढ़ी है।

# पशु पक्षी, वनस्पति,जल,जीव, मानव साम्यता के लिए बनो का संरक्षण आवश्यक

हैदराबाद की एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में बड़े जंगलों से संरक्षित भूमि का व्यावसायिक हितों पेड़ो का काटना शुरू हुआ तो केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्वविवेक से आंदोलन शुरू कर दिया। मामला सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पहुंचा तो सर्वोच्च न्यायालय ने पहले रोक लगाई फिर स्थाई रूप से पेड़ों की कटाई को अवैध ठहरा दिया। ब्राजील में पूरे देश में पेड़ो की कटाई पर नियमित रोक है । इसी प्रकार यूरोपीय देशों ने भी प्रतिबंध लगा रखे हैं लेकिन भारत में बनो के संरक्षण अधिनियम लचीला है क्योंकि हम बढ़ती जनसंख्या के दबाव में सड़क परियोजना, बांध निर्माण, संस्थाओं की इमारतों, बढ़ते कंक्रीट के जंगलों , निजी आवासीय योजनाओं को बनने से रोक नहीं पा रहे हैं। हालांकि भारत में तीव्र विकास को अभी 35 साल ही हुए हैं। फिर भी भारत में 835000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर बन आच्छादित हैं। यह अकड़ा कुल भारत भूमि 3287235 वर्ग किलोमीटर का 25 फीसदी से अधिक है। विश्व में रूस में सर्वाधिक 800 मिलियन वर्ग किलोमीटर भूमि में बन है जो उसकी कुल भूमि का 52 फीसदी है। भारत में दो तरह के बन है आरक्षित और संरक्षित। संरक्षित बनो में निर्माण के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण से स्वीकृति लेनी पड़ती है। आरक्षित बनो के मामले में राज्य सरकार सक्षम है। बताया जाता है कि भारत सरकार के आंकड़े कहते हैं कि बन 0.70 प्रतिशत की गति से बढ़ रहे हैं। सरकार और एनजीओ ने मिलकर सामाजिक बानगी, डीप फोरेस्टेशन आदि कार्यक्रम बन बढ़ाने के लिए चला रखे हैं लेकिन अवैध बन माफिया कटाई भी खूब कर रहा है। आज अंतरास्ट्रीय पर्यावरण दिवस है । पर्यावरण संगठन ने विभिन्न स्तरों पर पेड़ लगाने का काम सरकार से मिलकर किया है। पर्यावरण विशेषज्ञ का मत है कि अगर मानव साम्यता ने बनो की अनदेखी की तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का जल स्तर कम होता जायेगा और नदियों में पानी नहीं रहेगा ।भारत में कुछ नदियों को छोड़कर अधिकतर नदियों में बरसात को छोड़कर जल सूख जाता है। गंगा, जमुना,महानदी, गोमती, कावेरी, कृष्णा, गोदावरी, नर्मदा, सिंध, रावी, व्यास, सतलुज,आदि नदियों के किनारे ही मानव साम्यता का जन्म हुआ था।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, स्विटजरलैंड के ज्यूरिख में स्वीडन के अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग एवं विदेश व्यापार मंत्री बेंजामिन डौसा और विदेश व्यापार राज्य सचिव हकन जेवरेल के साथ बैठक के दौरान।



सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने इंदौर में राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी से मुलाकात की।



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह नॉर्वे की मत्स्य पालन और महासागर नीति मंत्री मैरिएन सिवर्टसेन एनएसएस के साथ नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक के दौरान।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्रुसेल्स की अपनी यात्रा के दौरान यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेत्सोला से मुलाकात की।



जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



आईएनएस तबर ने भारतीय नौसेना की एक पनडुब्बी और पी-8आई विमान के साथ यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड के साथ एक पैसेज अभ्यास (पीएएसएसईएक्स) में भाग लिया।




केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113 वें सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

# राजा को मार डालो, नहीं तो मैं मर जाऊंगी प्रेमी राज ने खोले सोनम के रहस्य



**इंदौर, 12 जून [एजेंसी]।**

शादी के बाद की रस्में खत्म होने के पहले ही सोनम ने राजा को मारने की ठान ली। उसने 13 मई को ही राज कुशवाहा से मैसेज कर कहा कि मैं थक गई हूं, इसे मार डाल, वर्ना मैं मर जाऊंगी। राज ने इसके जवाब में करता हूं लिखा और विशाल के साथ साजिश में जुट गया।ईस्ट खासी हिल्स पुलिस ने बुधवार रात सोनम, राज, विशाल, आनंद और आकाश से एक साथ पूछताछ की तो राज ने भी सोनम के रहस्य खोलने शुरू किए। उसने कहा कि सोनम की सख्ती के कारण कर्मचारी कम बात करते थे। वह खुद उससे डरता था, लेकिन वह मुझसे प्रेम करने लगी। राजा से रिश्ता तय होते ही सोनम ने राजा को मारने की ठान ली। 11 को उसने राजा से शादी तो कर ली, पर मन में हत्या का विचार चलता रहा। 13 मई को उसने इसी गुस्से में मैसेज भेजा था।राज ने पुलिस को बताया कि सोनम की शादी में वह नहीं गया। वह दो दिन पूर्व ही मामा के यहां शादी का बोलकर चला गया था। सोनम ने रोकने की कोशिश की, मगर उसके भाई गोविंद ने कहा कि राज के पिता नहीं हैं। रस्म करने के लिए राज का जाना जरूरी है। हनीमून पर जाने के पहले राज इंदौर के संगम नगर स्थित खाली मैदान में विशाल से मिला और शिलांग में हत्या की साजिश बनाई। डीआईजी शिलांग ईस्टर्न रेंज डेविड एनआर मार्क डीआईजी के अनुसार सोनम ने 23 मई को बैग में ही मंगलसूत्र और अंगूठी छोड़ दी थी। इस बैग को पुलिस ने होम स्टे से बरामद किया है। जिस दिन मंगलसूत्र मिला, उसी दिन सोनम पर शक हो गया। नई नवेली दुल्हन मंगलसूत्र कैसे बैग में रख सकती है। पूछताछ में पता चला कि सोनम राजा को मारने के बाद बैग लेकर भागना चाहती थी। इत्तेफाक से बैग स्कूटर की डिक्की में नहीं रख सकी और राजा ने होम स्टे पर ही छोड़ दिया।सोनम ने यह भी बताया कि पहले उसका इरादा हादसा बताने का था। राजा को धक्का देकर मारना चाहती थी। फोटोशूट के दौरान विक्की और आकाश के धक्का नहीं देने पर उन पर गुर्राई और इशारा किया। विशाल ने राजा पर हमला किया तो उसने संघर्ष किया। फिर दूसरा वार किया गया। तीनों आरोपित विशाल, आनंद, आकाश खाई में नहीं फेंक सके तो सोनम ने उठा कर खाई में फेंका।

सोनम की शर्ट खून से सन गई। उसने शर्ट उतार कर शव के साथ ही फेंक दी। राज की एसिडिटी की गोलियां भी शव के पास गिरा दीं। डीआईजी के अनुसार सोनम से अभी एक फोन रिकवर हुआ है।

हम तीन फोन के बारे में पूछताछ कर रहे हैं।पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि सोनम की फरारी में राज ने ही मदद की। हत्या के बाद इंदौर में वह किराये के कमरे में रुकी, जहां वह उससे मिली। सोनम उप्र में रहने वाली राज की बहन के घर भी रुकी थी। वहां उसकी तीन लोगों ने मदद की। दो लोगों के साथ वह गाजीपुर गई थी। एक महिला ने सोनम को दो लोगों के साथ वाराणसी में भी देखा। आशंका है कि राज के अलावा भी नया किरदार है, जो अभी तक सामने नहीं आया है।

# बेटी को PSC पास कराकर IPS बनवाने के नाम पर ठगे 46 लाख, फेसबुक के जरिए हुई थी जान पहचान



**मथुरा, 12 जून [एजेंसी]।**

यूपीएससी परीक्षा पास कराकर आईपीएस बनवाने के नाम पर ठगों ने एक महिला से 46 लाख रुपये की ठगी कर ली। दो दिन पूर्व ठग ने महिला से एक होटल में 20 लाख रुपये नकद लिए। इसके बाद फोन बंद कर लिया। कुछ घंटे बाद मथुरा में डेरा डाले वाराणसी पुलिस ने शातिर को दबोच लिया।ठग ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त के पीआरओ रहे सब इंस्पेक्टर के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर 16 लाख रुपये की ठगी की थी। महिला को जानकारी हुई तो वह कोतवाली थाने पहुंची, जहां पुलिस ने उसे मोबाइल से ठग के फुटेज दिखाए। इसे देख महिला ने आरोपित को पहचान लिया। महिला ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। हरियाणा के पानीपत मॉडल टाऊन विराट नगर की रहने वाली अदिता शर्मा का गोविंदनगर के वृंदावन गेट स्थित बाटी वाली कुंज में मायका है। उन्होंने बताया कि फरवरी में उनके फेसबुक पर अभिजीत नाम के व्यक्ति की रिक्वेस्ट आई थी। इसे कैंसल कर दिया था। इसके बाद वह मैसेंजर से संदेश भेजने लगा। अभिजीत ने बताया कि वह आईपीएस बनने की तैयारी कर रहा है। एक दिन उसने बताया कि यूपीएससी में उसके जानकार संदीप शर्मा हैं, जो पेपर क्लियर कराने का कार्य करते हैं। वह बेटी आईना को यूपीएससी में प्रवेश कराकर नौकरी लगाने के लिए कहने लगा। इसके बाद आरोपित अभिजीत ने बताया कि उसकी ट्रेनिंग शुरू होने वाली है। संदीप से बात कर लेना। अप्रैल में संदीप ने वाट्सएप कॉल कर कहा कि बेटी की नौकरी लगाने के लिए 60 लाख देने होंगे। उसका चयन हो जाएगा। वह 50 लाख रुपये में तैयार हो गया। बेटी के कागजात लेकर कहा कि 25 मई को प्री-एग्जाम होगा। फाइल जमा कर रहा है।

इसके बाद आरोपित ने 25 मई तक तीस लाख रुपये देने की बात कही। 21 मई को वह मथुरा आकर सात लाख रुपये और 19 सोने के सिक्के (19 लाख कीमत के) भूतेश्वर पेट्रोल पंप के सामने संदीप शर्मा नामक व्यक्ति को दे दिए। वह रुपये लेकर चला गया।इसके बाद उसने 22 मई को बताया कि बेटी की फाइल जमा हो गई है। 28, 29 मई को पूरे रुपये देने की बात कही। तब उससे कहा कि पैसे का इंतजाम हो जाएगा तो दे पाऊंगी। इसके बाद नौ जून को रुपये देने की बात तय हुई।पीड़िता ने बताया कि नौ जून को उसने सुबह 11 बजे बस स्टैंड स्थित सैंट्रम में संदीप को 20 लाख रुपये दे दिए। रुपये देकर पीड़िता घर पहुंची तो आरोपित का फोन बंद हो गया। उन्होंने पति को पूरी बात बताई। शाम को पति उनको लेकर कोतवाली थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने मोबाइल में आरोपित का फोटो दिखाया। इसे पीड़िता ने पहचान लिया। महिला से रुपये लेने के चार घंटे बाद वाराणसी पुलिस ने गोवर्धन थाना क्षेत्र के देवसेरस गांव निवासी मुनफेद को गिरफ्तार कर लिया था। महिला ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इसी ठग ने पुलिस कमिश्नर वाराणसी के पीआरओ रहे दीपक कुमार रानावत के नाम से फेसबुक पर फर्जी आइडी बनाकर तीन महिलाओं के साथ ठगी की थी।ठग के खिलाफ मथुरा और महराजगंज जिले में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## थाईलैंड में शादी, 19 प्लॉट और विला... बिजनेसमैन को मात दे रहा था तेलंगाना का इंजीनियर, भ्रष्टाचार का मामला दर्ज



**हैदराबाद।** तेलंगाना में सिंचाई विभाग के एक कार्यकारी इंजीनियर की आलीशान जिंदगी को देखकर आप हैरत में पड़ जाएंगे कि एक सरकारी इंजीनियर के पास इतना पैसा कहां से आया। इंजीनियर ने अपने बेटे के लिए थाईलैंड में एक डेस्टिनेशन वेडिंग की जिस पर करोड़ों खर्च किए गए और उसके पास एक विला, तीन स्वतंत्र इमारतें, 19 प्रमुख आवासीय प्लॉट, कम से कम चार फ्लैट और कई होटलों में हिस्सेदारी है। सरकारी इंजीनियर तो बहुत अमीर व्यवसायी को भी मात दे रहा था लेकिन अब उसकी इस आलीशान जिंदगी पर ग्रहण लग गया है। क्योंकि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को कार्यकारी इंजीनियर नुने श्रीधर से जुड़े 13 ठिकानों पर छापेमारी की और ऐसी संपत्तियां पाईं जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक हैं। सूची में हैदराबाद के शेखपेट में स्काई हाई नामक एक आलीशान आवासीय परिसर में 4,500 वर्ग फुट का फ्लैट, इसके अलावा करीमनगर में कम से कम तीन अन्य फ्लैट शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि श्रीधर के पास हैदराबाद के पास तेलपुर में एक विला, वारंगल, करीमनगर और हैदराबाद में कम से कम तीन स्वतंत्र इमारतें, तीनों शहरों में 19 प्रमुख आवासीय भूखंड, 16 एकड़ कृषि भूमि और करीमनगर में कई होटलों में हिस्सेदारी है, जिसकी कीमत कई करोड़ रुपये है। इसके अलावा उनके पास नकदी, आभूषण और बैंक जमा भी है। श्रीधर ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने बेटे के लिए थाईलैंड में एक डेस्टिनेशन वेडिंग का आयोजन किया था, जिसकी सभी तैयारियों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे।

सूत्रों ने बताया कि कार्यकारी अभियंता कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में भी शामिल था - जो दुनिया की सबसे बड़ी बहु-चरणीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना है - जो भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी हुई है। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव को भी पीसी घोष आयोग ने तलब किया है, जो परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहा है।परियोजना से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप राज्य में 2023 के विधानसभा चुनावों में एक बड़ा मुद्दा बन गए हैं और भारत राष्ट्र समिति ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए जोर देकर कहा है कि इसकी योजना और निर्माण तेलंगाना के लोगों के कल्याण के लिए किया गया था।

## राजस्थान में सेना के हवलदार की पीट-पीटकर हत्या छुट्टी पर आया था घर, पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**जयपुर।** राजस्थान में झुंझुनूं जिले के पलोता का बास गांव में सेना के हवलदार की पीट-पीटकर हत्या कर दी। 18 राज राइफल्स में हवलदार विक्रम सिंह अवकाश पर घर आए हुए थे। वे मंगलवार रात वापस ड्यूटी पर जा रहे थे।घर से निकलने केबाद रास्ते में दो युवकों ने उनका अपहरण कर लिया और जबरन स्कार्पियो में डालकर दूर अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां ले जाकर दोनों युवकों ने विक्रम के साथ बेरहमी मारपीट की। इसके बाद दोनो युवक विक्रम को गंभीर हालत में घर के बाहर पटक फरार हो गए।स्वजनों ने उन्हे घर के बाहर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ देखा तो अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने सुरजगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में कहा कि विक्रम सात जून को गांव आए थे।

दस जून की रात वापस ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे, इसी दौरान गांव के ही दो युवक उन्हे जबरन स्कार्पियो में डालकर ले गए और उनके साथ इतनी बेरहमी से मारपीट की कि उनका निधन हो गया।थाना अधिकारी विक्रम मीणा ने बताया कि पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। दोनों युवकों के मोबाइल की जांच की जा रही है। दोनों युवकों को स्कार्पियो में जबरन विक्रम को डालते हुए गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा था।

## आज से प्री मानसून शुरू, बारिश होने की संभावना, गर्मी होगी छूमंतर



**हल्द्वानी।** प्री मानसून से पहले बीते कुछ दिनों से हल्द्वानी में लोगों को अत्यधिक उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ी है। हालांकि बुधवार को सुबह बादल होने से बारिश की हल्की बूंदाबांदी हुई है। जिसके बाद दोपहर तक तापमान थोड़ा गर्म रहा। लेकिन शाम होते ही मौसम सुहावना हो गया है।पंतनगर मौसम विशेषज्ञ डा. आरके सिंह ने बताया कि बुधवार की रात से मौसम बदलना शुरू हो जाएगा। फिर गुरुवार को हल्द्वानी में प्री मानसून की दस्तक हो जाएगी।

इससे विभिन्न क्षेत्रों में बरसात होने की संभावना है। बताया कि हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा है। 15 जून से मानसून पूरी तरह से दस्तक दे देगा। जिसके बाद मौसम में ठंडक रहेगी। हालांकि उमस के दौरान लोगों को गर्मी भी झेलनी पड़ेगी। तराई में मौसम एक बार फिर से करवट लेगा। पंत विवि के मौसम विज्ञानी डा. आरके सिंह ने बताया कि गुरूवार को हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। तीन दिन तक बारिश का अनुमान लगाया गया है।

### ट्रंप प्रशासन कर रहा ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ परमाणु पनडुब्बी डील की समीक्षा, इस बात से अमेरिका चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के काल में ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ किए गए सैकड़ों अरब डॉलर के रक्षा समझौते (एयूकेयूएस) की समीक्षा कर रहा है। इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया को पारंपरिक हथियारों से लैस परमाणु पनडुब्बियां हासिल करने की अनुमति दी गई थी।पेंटागन के नेतृत्व में की जा रही यह समीक्षा ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का सबब बन सकती है क्योंकि चीन की सैन्य ताकत में बढ़ोतरी के मद्देनजर वह इन पनडुब्बियों को अपनी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है। यह समीक्षा ब्रिटेन की रक्षा योजना में भी बाधा डाल सकती है।एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बताया, हम एयूकेयूएस की समीक्षा कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूर्ववर्ती प्रशासन की यह पहल वर्तमान राष्ट्रपति के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के अनुरूप है। एयूकेयूएस के लिए प्रशासन के दृष्टिकोण में किसी भी परिवर्तन के बारे में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उचित समय पर बताया जाएगा। एयूकेयूएस को 2021 में चीन की बढ़ती शक्ति के प्रति साझा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इसे आस्ट्रेलिया को हमलावर परमाणु पनडुब्बियां और हाइपरसोनिक मिसाइलें जैसे अन्य उन्नत हथियार हासिल करने की अनुमति देने के लिए डिजायन किया गया था।ट्रंप के वरिष्ठ नीतिकारों में इस समझौते के प्रति संदेह रखने वाले प्रमुख व्यक्ति एल्ब्रिज कोल्बी हैं, जो पेंटागन में शीर्ष नीति सलाहकार हैं।

## त्रिपुरा में प्यार बना दुश्मन, युवक की हत्या कर आइसक्रीम फ्रीजर में रखा शव



**अगरतला, 12 जून [एजेंसी]।**

त्रिपुरा में प्रेम प्रसंग के चलते 26 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दी गई और उसके शव को आइसक्रीम फ्रीजर में रख दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक का एक 20 वर्षीय महिला के साथ रिश्ता था। दूसरी ओर महिला का चचेरा भाई उसके साथ रहना चाहता था। पश्चिम त्रिपुरा के एसपी किरण कुमार ने कहा हाल ही में हुए झगड़े के बाद से युवक-युवती एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे थे और चचेरे भाई को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने बताया कि महिला ने अपने प्रेमी की हत्या की पूरी योजना बनाई और उसे आठ जून को पश्चिमी त्रिपुरा के दक्षिण इंदिरानगर में अपने एक रिश्तेदार के घर बुलाया। वहां पहले से मौजूद महिला का चचेरा भाई तीन अन्य लोगों की मदद से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने शव को ट्राली बैग में भर दिया। पुलिस ने बताया कि अगले दिन चचेरे भाई ने गंदाचेरा में रहने वाले अपने माता-पिता को अगरतला आने और ट्राली बैग अपने साथ ले जाने के लिए कहा। एसपी ने बताया कि इसके बाद उसके माता-पिता कार लेकर अगरतला आए और ट्राली बैग गंदाचेरा ले गए।

उन्होंने शव को अपनी दुकान में आइसक्रीम फ्रीजर में छिपा दिया। चचेरा भाई महिला का शारीरिक शोषण करना चाहता था। वह जानता था कि जब तक उसका प्रेमी मौजूद है, तब तक वह ऐसा नहीं कर सकता, इसलिए उसने उसे मारने की साजिश रची।एसपी ने कहा कि आरोपित पूर्वी अगरतला पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बांकुमारी में महिला के घर अक्सर आता-जाता था। अधिकारी ने कहा कि मृतक के परिवार द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और चचेरा भाई सबसे पहले गिरफ्तार हुआ। उसके कबूलनामे के आधार पर बुधवार को पीड़िता का शव फ्रीजर से निकाला गया। पोस्टमार्टम के बाद शव पीड़ित के परिवार को सौंप दिया गया।

## हम पार्टी से जुड़ा नेता और उसकी पत्नी सेक्स रैकेट का सरगना, पुलिस ने छापेमारी कर कई युवतियों को बचाया



**मुजफ्फरपुर, 12 जून [एजेंसी]।**

नगर थाने की पुलिस ने शहर में चल रहे बड़े सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस दौरान महिला समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। रैकेट का सरगना हम पार्टी से जुड़ा नेता एवं जूरन छपरा निवासी दिलीप कुशवाहा और उसकी पत्नी किरण कुमारी बताए गए हैं। इसके अलावा इस धंधे में शामिल अघोरिया बाजार स्थित होटल सेंट्रल पार्क के मैनेजर सीतामढ़ी मणिक चौक के अंकित कुमार उर्फ छोटू, सुभद्रा होटल के मैनेजर मोतीपुर के पवन कुमार भंगेरिया, ऑटो चालक सिकंदरपुर के लक्ष्मण पासवान को गिरफ्तार किया गया है। इनके ठिकाने से एक कार, एक ऑटो, होटल का डीवीआर, ट्रेन का टिकट और पांच मोबाइल जब्त किए गए हैं। नगर एसडीपीओ वन सीमा देवी ने बुधवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। पूछताछ में इस धंधे में शामिल और कई के बारे में जानकारी मिली है। इन सभी पर कार्रवाई के लिए कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि मंगलवार की शाम नगर थानाध्यक्ष के सरकारी मोबाइल पर एक लड़की का काल आया। उसने थानाध्यक्ष को बताया कि उसे बंधक बना कर रखा गया है। वो वहां से निकलना चाहती है। इसके बाद थानाध्यक्ष के द्वारा लोकेशन पूछा गया। लड़की ने कहा कि वो कभी मुजफ्फरपुर नहीं आई है। इसके कारण उसे लोकेशन का पता नहीं है। मशक्कत के बाद लड़की को उक्त जगह की जानकारी मिली। तब उसने थानाध्यक्ष को काल कर बताई कि उसे छोटी कल्याणी के पास एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया है। इसके बाद विशेष टीम गठित कर छापेमारी को निकाली गई। काफी खोजबीन के बाद उक्त मकान का पता चला। इसके बाद पुलिस ने उक्त घर में छापेमारी कर उस लड़की के अलावा तीन और बंधक बनी लड़कियां को मुक्त करवाया। मौके से किरण कुमारी को गिरफ्तार किया।

मकान से गर्भ निरोधक वस्तु भी जब्त किया गया। जांच के दौरान मोबाइल से कई बातों का पता चलाकिरण से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके पति दिलीप कुमार कुशवाहा और सिकंदरपुर मुक्तिधाम इलाके के आटो चालक लक्ष्मण पासवान को गिरफ्तार किया गया। इनके मोबाइल जब्त की गई। जांच के दौरान मोबाइल से कई बातों का पता चला। इसमें पता चला कि होटलों में भी इसका तार जुड़ा है। इसके बाद काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के सेंट्रल पार्क होटल में छापेमारी की गई। वहां से होटल मैनेजर अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया। फिर नगर थाना क्षेत्र के छाता बाजार स्थित होटल सुभद्रा में भी छापेमारी की गई। वहां से भी होटल के मैनेजर पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया। हम के जिलाध्यक्ष संजर आलम ने कहा कि दिलीप कुशवाहा मुशहरी प्रखंड का युवा अध्यक्ष था। संदिग्ध गतिविधियों के कारण उसे पार्टी से निकाल दिया गया था।

## दिल्ली-यूपी समेत प्रचंड गर्मी की चपेट में उत्तर भारत, राजस्थान में 48 डिग्री के पार तापमान, पंजाब में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी व लू से पूरा उत्तर भारत बेहाल है। मैदान से लेकर पहाड़ तक तेज गर्मी से झुलस रहे हैं। दिन के साथ रातें भी गर्म होने से उमस बढ़ी है। पंजाब में बठिंडा का तापमान लगातार दूसरे दिन 45.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी का तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है, लेकिन हीट इंडेक्स 50.8 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने पूर्व में जारी यलो अलर्ट को बदलकर रेड अलर्ट कर दिया है। रेड अलर्ट में लोगों को सीधे धूप से बचने और विशेष रूप से दोपहर के समय घर बाहर जाने से बचना चाहिए। दिल्ली में लगातार तीसरे दिन तेज धूप और 20 से 40 किमी प्रति घंटे की गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। एसी भी बीच-बीच में खराब होने लगे, जबकि छतों पर रखी टंकियों का पानी बिना गीजर के उबलता हुआ मिला। उत्तर प्रदेश का लगभग एक तिहाई



हिस्सा भीषण गर्मी से झुलस रहा है। सोमवार को 24 जिले में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान रहा। दक्षिणी-पश्चिमी हिस्से को अब भी लू से राहत नहीं मिलती दिख रही है। हालांकि पांच जिलों में लू का प्रभाव काफी कम हो गया है, लेकिन अब भी 20 जिलों में लू के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने दिन के साथ रात भी गर्म होने की चेतावनी जारी की है। 15 जिलों में यलो व पांच में आरेंज अलर्ट है। सर्वाधिक तापमान उरई में 45.2 दर्ज किया गया। राजस्थान के साथ लगते हरियाणा के नौ जिलों में भी लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। सिरसा का अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बिहार में पटना का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 42.8 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर प्रदेश में सबसे गर्म रहा।जम्मू-कश्मीर में भी गर्मी अपने चरम पर है। जम्मू में अधिकतप तापमान 44.4, सांबा में 46.8, ऊधमपुर में 42.4, रामबन में 41.9 व राजौरी में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में अधिकतम पारा 33.9 व न्यूनतम 17.6 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश के ऊना, कुल्लू, बिलासपुर व मंडी में लू चली।

# महायुति स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेगी सीएम फडणवीस ने अफवाहों को लगाया विराम

**अकोला, 12 जून [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा नीत महायुति गठबंधन राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेगा, लेकिन जहां गठबंधन नहीं हो पाया वहां दोस्ताना मुकाबला होगा। सिंचाई और बिजली उत्पादन परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद फडणवीस मीडिया से बात कर रहे थे। बीएमसी सहित विभिन्न नगर निगमों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव पिछले तीन वर्षों से लंबित हैं। फडणवीस ने कहा कि भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और पार्टी की चुनाव समिति स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित निर्णय लेने के लिए अधिकृत है।आगे बोले कि हमने गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। जहां भी गठबंधन कारगर नहीं होगा, वहां दोस्ताना मुकाबला होगा। अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना गठबंधन की दो अन्य पार्टियां हैं। महाराष्ट्र के



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने पर कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में हार पर आत्ममंथन करने के बजाय, जनता के खारिज किए गए जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं। फडणवीस ने राहुल पर देश की भावना को लगातार गलत समझने और दोषारोपण करने का आरोप लगाया।

उन्होंने बार-बार गलती दोहराने का आरोप लगाते हुए कहा कि ताउम्र राहुल गांधी, आप यही गलती करते रहे, धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे। राहुल गांधी के आरोपों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लगातार लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का अपमान कर रहे हैं। लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और प्रतिशोध में वह लोगों और उनके जनादेश को खारिज कर रहे हैं। एक बार हार को स्वीकार करना और यह आत्ममंथन करना चाहिए कि आप कहां गलत हो रहे हैं, कहां लोगों से आपका संबंध कमजोर है, और इसके बारे में आपको क्या करना चाहिए, यह अधिक समझदारी होगी।

# सिरदर्द होने पर आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम

सिरदर्द एक आम समस्या है, जो किसी को भी किसी भी समय हो सकती है। आमतौर पर लोग सिरदर्द से राहत पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन इनका लगातार सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिनकी मदद से सिरदर्द को प्राकृतिक रूप से दूर किया जा सकता है और बिना दवा खाए आप राहत पा सकते हैं।

अदरक का करें सेवन

अदरक में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो सिरदर्द को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

अदरक की चाय पीने से या फिर अदरक का रस निकालकर पीने से आपको आराम मिल सकता है।

अदरक का सेवन न केवल सिरदर्द को कम करता है बल्कि यह पाचन को भी सुधारता है और शरीर की सूजन को कम करता है।



अदरक का सेवन करने से आपको ताजगी और ऊर्जा भी मिलती है।

पुदीने की पत्तियों से मिलेगी राहत

पुदीने की पत्तियां ठंडक प्रदान करती हैं और इनके सेवन से भी सिरदर्द में आराम मिलता है।

पुदीने की पत्तियों का रस निकालकर पीने या फिर पुदीने की चाय पीने से सिरदर्द कम होता है। पुदीने की पत्तियों का सेवन करने से आपको ताजगी और ऊर्जा भी मिलती है। यह न केवल सिरदर्द को कम करता है, बल्कि पाचन को भी सुधारता है और शरीर की सूजन को कम करता है।

ठंडी सिकाई करें

ठंडी सिकाई करने से भी सिरदर्द में आराम मिलता है। बर्फ या ठंडे पानी की सिकाई करने से रक्त का बहाव बेहतर होता है और दर्द कम होता है।

बर्फ को कपड़े में लपेटकर प्रभावित जगह पर लगाएं या ठंडे पानी से नहाएं। यह न केवल सिरदर्द को कम करता है, बल्कि शरीर की थकान भी दूर होती है और आपको ताजगी महसूस होती है।

ठंडी सिकाई से मांसपेशियों को भी आराम मिलता है।

तुलसी की पत्तियों का करें इस्तेमाल

तुलसी की पत्तियां आयुर्वेदिक औषधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनमें सूजन कम करने वाले और दर्द से राहत देने वाले गुण होते हैं, जो सिरदर्द को दूर करने में मदद करते हैं।

तुलसी की पत्तियों का सेवन करने से सिरदर्द कम होता है और शरीर की सूजन भी घटती है। इसके अलावा तुलसी की पत्तियां पाचन क्रिया को सुधारती हैं और शरीर की रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ाती हैं, जिससे सिरदर्द की समस्या में राहत मिलती है।

अधिक पानी पीएं

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है।

शरीर में पानी की कमी सिरदर्द का एक बड़ा कारण होती है। इसलिए दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं ताकि आपका शरीर हाइड्रेट रहे और सिरदर्द जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप बिना किसी दवा के अपने सिरदर्द को प्राकृतिक रूप से दूर कर सकते हैं।

इनका नियमित सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।

## सोनाक्षी सिन्हा की निकिता रॉय का ट्रेलर जारी, 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्म

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार फिल्म काकुडा में नजर आई थीं। उनकी यह फिल्म 12 जुलाई, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई थी, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया।

अब सोनाक्षी जल्द ही फिल्म निकिता रॉय के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनाक्षी करीब 3 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रही हैं।

अब निर्माताओं ने निकिता रॉय का ट्रेलर जारी कर दिया है। इस मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म का निर्देशन सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा कर रहे हैं। सोनाक्षी के अलावा इस फिल्म में परेश रावल, सुहैल नय्यर और अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सोनाक्षी ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, एक ऐसी दुनिया में आइए, जहां हकीकत धुंधली और अज्ञात हावी हो जाता है। रोमांच और दिमाग घुमा देने वाले रहस्य के लिए तैयार हो जाइए। निकिता रॉय को 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।



## ब्लैक डीप नेक आउटफिट में मोनालिसा का स्टनिंग लुक

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. हाल ही में उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. इन फोटोज़ में मोनालिसा ब्लैक डीप नेक आउटफिट में नजर आ रही हैं. खुले बाल, सटल मेकअप और एक्सप्रेशन के साथ मोनालिसा ने फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा दी हैं. इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा, रवैया बेबाकी से ज लगभगपिछली रात स जादूई तेरीनाज़ार स100एपिसोड स पार्टी. यह तस्वीरें उनके सीरियल जादुई तेरी नजर के 100 एपिसोड पूरे होने की पार्टी की हैं. पार्टी की ये झलक फैंस को काफी पसंद आ रही है।

## अब खुद को अनुराग बसु की हीरोइन कह सकती हूं : सारा अली खान



फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान के लिए यह एक सपना सच होने जैसा है। दरअसल, अभिनेत्री फिल्म निर्माता अनुराग बसु और 2007 की फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो की प्रशंसक रही हैं। सारा ने कहा कि दूसरी फिल्म में काम करने के बाद अब वह खुद को अनुराग बसु की हीरोइन कह सकती हैं।

सारा ने इंस्टाग्राम पर मेट्रो.इन दिनो के ट्रेलर लॉन्च का एक वीडियो शेयर किया। इसमें आगामी फिल्म के ट्रेलर की कुछ झलकियां भी दिखाई गई। फिल्म 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है।

कैप्शन में सारा ने लिखा, मेट्रो देखने और उसे पसंद करने से लेकर अब इसमें काम करने तक। सपने सच होते हैं। मैं अनुराग बसु की प्रशंसक रही हूं- अब मैं कह सकती हूँ कि मैं भी अनुराग बसु की हीरोइन हूं।

म्यूजिकल फिल्म का ट्रेलर 4 जून को जारी किया गया था और इसमें चार अलग-अलग उम्र के जोड़ों की दिलचस्प कहानी दिखाई गई थी। ट्रेलर के अनुसार, फिल्म का कथानक काफी हद तक अपनी पिछली फिल्म जैसा ही है। इसमें 4 जोड़ों की जिंदगी को दिखाया गया है और दिखाया गया है कि वे किस तरह से जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों का सामना करते हैं।

फिल्म में अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, फातिमा सना शेख, अली फजल और नीना गुप्ता हैं।

अनुराग बसु, संगीत के दिग्गज प्रीतम, टी-सीरीज के निर्माता भूषण कुमार और शाश्वत सिंह, पापोन और राघव चैतन्य जैसे गायकों की उपस्थिति में फिल्म का पहला गाना 'जमाना लागे जारी किया गया था।

गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत, अनुराग बसु प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, 'मेट्रो इन दिनो' का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु द्वारा किया गया है।

यह फिल्म 4 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है। सारा को आखिरी बार एक्शन ड्रामा फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था, जो 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और निमरत कौर भी हैं।

# हील्स फुटवियर खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, नहीं होगी कोई दिक्कत

हील्स फुटवियर न केवल महिलाओं के लुक को स्टाइलिश बनाते हैं, बल्कि इन्हें पहनने से आत्मविश्वास भी बढ़ता है। हालांकि, सही हील्स चुनना इतना आसान नहीं होता। कई बार गलत हील्स के कारण पैरों में दर्द या असुविधा हो सकती है।

इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी बातें बताएंगे, जिनकी मदद से आप सही हील्स फुटवियर चुन सकती हैं और इन्हें आराम से पहन सकती हैं।

सही ऊंचाई चुनें

हील्स की ऊंचाई का चयन करते समय अपने आराम को प्राथमिकता दें।

बहुत ऊंची हील्स पहनने से पैरों में दर्द हो सकता है, खासकर अगर आपको लंबे समय तक चलना या खड़ा रहना हो। इसलिए बेहतर होगा कि आप मध्यम ऊंचाई की हील्स चुनें, जो आपके लिए आरामदायक हों।

इसके अलावा अगर आप नए हील्स पहन रही हैं तो पहले थोड़ी देर के लिए उन्हें पहनकर घर के अंदर ही चलें ताकि आपके पैर उन्हें सहन कर सकें।

सही आकार पर ध्यान दें

हील्स खरीदते समय अपने पैरों के आकार का ध्यान रखें।

अगर आपके पैर चौड़े हैं तो चौड़ी पेडल वाली हील्स चुनें, वहीं अगर आपके पैर पतले हैं तो पतली पेडल वाली हील्स बेहतर रहेंगी।

इसके अलावा अपने पैरों की लंबाई और चौड़ाई भी ध्यान में रखें ताकि हील्स आरामदायक हों और पैरों में कोई दबाव न पड़े।

सही आकार की हील्स पहनने से आप पूरे दिन आराम से चल सकती हैं और पैरों में दर्द या असुविधा नहीं होगी।

सामग्री का चयन करें

हील्स की सामग्री भी खास होती है। चमड़ा, मुलायम कपड़ा या कृत्रिम मटेरियल सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये सामग्री पैरों को हवा लगने देती हैं और पसीना सोखती हैं। इससे आपके पैर तरोताजा महसूस करते हैं और लंबे समय तक आरामदायक रहते हैं।

अगर आप बारिश या गीले मौसम में हील्स पहनना चाहती हैं तो पानी रोकने वाली सामग्री वाली हील्स चुनें, जो पानी को सोखती नहीं हैं और आपके पैरों को सूखा रखती हैं।

तलवे की मोटाई देखें

तलवे की मोटाई भी अहमियत रखती है। मोटे तलवे वाली हील्स ज्यादा आरामदायक होती हैं क्योंकि वे पैरों के दबाव को बेहतर तरीके से सहन करती हैं और दर्द या असुविधा नहीं होती।

पतले तलवे वाली हील्स लंबे समय तक पहनने पर पैरों में दर्द या असुविधा पैदा कर सकती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप मोटे तलवे वाली हील्स ही चुनें, जो आपके लिए आरामदायक हों और पैरों को सहारा दें।

फिटिंग पर ध्यान दें

हील्स की फिटिंग बहुत जरूरी होती है। हमेशा अपनी साइज के अनुसार हील्स खरीदें, न कि बड़ी या छोटी।

सही फिटिंग वाली हील्स आपके पैरों को बेहतर सहारा देती हैं और चलने में कोई दिक्कत नहीं होती।

अगर जरूरत पड़े तो दुकान पर जाकर उन्हें पहनकर देखें ताकि आपको सही साइज मिल सके।

इसके अलावा अगर हील्स थोड़ी ढीली लगें तो





## हाउसफुल 5 बॉक्स ऑफिस डे 5: सिकंदर के लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ा, बनी 2025 की तीसरी सबसे कमाऊ बॉलीवुड फिल्म



अक्षय कुमार, रितेश देशमुख की नई कॉमेडी थ्रिलर हाउसफुल 5 ने अपने पहले वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और सोमवार को भी बहुत अच्छे नंबर के साथ टेस्ट पास किया. चार दिनों में फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं, दुनियाभर में भी 150 करोड़ का आंकड़ा को पार करने में फिल्म सफल रही है. चार दिनों के बाद भी फिल्म टिकट काउंटर पर अपनी पकड़ बनाई हुई है. आइए एक नजर डालें हाउसफुल 5 के पांचवें दिन के बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस पर. हाउसफुल 5 अपनी पांचवीं किस्त तक पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म फ्रैंचाइज है. हाउसफुल 5 को दो अलग-अलग वर्जन- हाउसफुल 5ए और हाउसफुल 5बी के साथ रिलीज किया गया है, जिनमें से प्रत्येक का क्लाइमेक्स अलग-अलग है. दोनों वर्जन को भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक साथ रिलीज किया गया. साजिद नाडियाडवाला के इस रणनीति को एक गेम-चेंजर के रूप में सराहा जा रहा है.

## शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## पंचायत सीजन 4 का ट्रेलर आउट, फुलेरा गांव बना चुनावी अखाड़ा, सामने आई नई रिलीज डेट



पंचायत सीज़न 4 को द वायरल फीवर ने प्रोड्यूस किया है. इसे दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार ने मिलकर बनाया है, लिखा है चंदन कुमार ने और दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने डायरेक्शन संभाला है. एक खास इंटरऐक्टिव वेबसाइट पर हुए अनोखे वोटिंग मुकाबले में 6.5 मिलियन से ज़्यादा फैंस ने टीम मंजू देवी या टीम क्रांति देवी को सपोर्ट किया और इसी जोश की वजह से नए सीजन की रिलीज डेट पहले कर दी गई. अब पंचायत सीजन 4 भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज़्यादा देशों और क्षेत्रों में 24 जून से सिर्फ़ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा.

पंचायत सीजन 4 का जबरदस्त और मजेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है. इसके साथ ही फैंस को एक और तोहफा मिला है, शो अब पहले से जल्दी, यानी 24 जून से स्ट्रीम होगा. पंचायत को प्रोड्यूस किया है द वायरल फीवर ने. इस सीजन को दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार ने मिलकर बनाया है, स्क्रिप्ट लिखी है चंदन कुमार ने, और दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने डायरेक्शन संभाला है.

फुलेरा नाम के काल्पनिक गांव में सेट 'पंचायत' का नया सीजन एक बार फिर छोटे शहर की हलचल, भावनाएं और ह्यूमर से भरपूर किस्सों से भरा होगा. इस बार नई चुनौतियों के साथ-साथ पुराने और प्यारे चेहरे फिर लौटेंगे और उनके साथ ढेर सारे मजेदार ट्विस्ट भी. शो में एक बार फिर नजर आएंगे जीतेन्द्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक, चंदन रॉय, सान्विका, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार और पंकज झा जैसे शानदार कलाकार.

# साइबर अपराध म्यूल अकाउंट के 7 मामले में 23 आरोपी किए गए गिरफ्तार

## 98 लाख 72 हजार रूपये से अधिक का संदिग्ध ट्रांजेक्शन का खुलासा

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने साइबर अपराध म्यूल अकाउंट मामलों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक विभिन्न थानों में पंजीबद्ध 7 मामलों में 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खातों की डिटेल खंगालने पर 98 लाख 72 हजार रूपये से अधिक का ट्रान्जेंक्शन की जानकारी सामने आई है।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं बैंक डिटेल के आधार पर खुलासा हुआ है कि साइबर ठगों के द्वारा केरल, हिमान्चल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, ओड़िसा, गुजरात, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, राजस्थान, झारखण्ड, हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक के विभिन्न जिलों से ठगी की रकम इन आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर आहरण किया गया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में साइबर अपराध म्यूल अकाउंट के मामले में तेजी से कार्यवाही एवं विवेचना के लिए एक टीम गठित कर लगाया है। इसी क्रम में थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा साइबर अपराध म्यूल अकाउंट मामले के जांच में पाया कि खाता धारक जितेन्द्र यादव जिसका एक्सीस बैंक विश्रामपुर में खाता संचालित है उक्त खाता में साइबर ठग के द्वारा जयपुर सिटी राजस्थान, बैंगलोर कर्नाटका से ठगी की रकम 99 हजार 9 सौ 90 रूपये ट्रान्सफर कर रकम आहरित किया है। सायबर फ्रॉड में संलिप्त होते हुए फ्राड के पैसे को खाता धारक के द्वारा कई बार अपने खाते में प्राप्त किया गया। खाता धारक द्वारा आपराधिक षड़यंत्र करना पाए जाने पर दिनांक 01.06.2025 को अपराध क्रमांक 134/25 धारा 317(4), 318(2), 61(2)(ए) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किया गया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने साइबर अपराध म्यूल अकाउंट के मामले में आरोपी की जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना विश्रामपुर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी जितेन्द्र यादव पिता सुदामा उम्र 39 वर्ष एवं दिवेश कुमार यादव पिता जितेन्द्र उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सपकरा बरपारा, थाना सूरजपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर खाताधारक जितेन्द्र यादव ने बताया कि एक्सिस बैंक विश्रामपुर में खाता खोलना एवं उसके लड़के दिवेश के द्वारा सायबर फ्राड हेतु अपने साथी को बैंक खाता एवं एटीएम का उसका कोड दिया है। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, एएसआई अविनाश सिंह व उनकी टीम सक्रिय रही।



## कबाड़ी आदतन अपराधी का हुआ जिलाबदर

**सूरजपुर।** अवैध कार्यो सहित आदतन अपराधी कबाड़ी के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा सख्ती बरती जा रही है तथा पूर्व में भी सख्ती से कार्यवाही की गई थी। लगातार गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण सूरजपुर पुलिस ने 1 आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर की अनुशंसा पर कलेक्टर सूरजपुर ने आदतन अपराधी को एक वर्ष की अवधि के लिए जिलाबदर का आदेश जारी किया है। जिले में शांती एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों एवं कबाड़ी आदतन आरोपियों पर सतत निगरानी रखी जा रही हैं और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के अनुशंसा पर कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन ने जिले के कबाड़ी आदतन अपराधी नितेश कुमार पिता विश्वनाथ सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पउवापारा, थाना विश्रामपुर के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 के तहत दाण्डिक प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार आदतन अपराधी कबाड़ी नितेश कुमार को 10 जून 2025 से जिला सूरजपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरबा, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सिंगरौली मध्यप्रदेश जिला क्षेत्र से 1 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाने और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करने, आदेश का पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## रजवाड़े के प्रयासों से ग्रामीण समस्याओं का समाधान बैकुंठपुर क्षेत्र में दिख रहा विकास का असर



**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री भैयालाल रजवाड़े ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वे जनसेवा को राजनीति का मूल उद्देश्य मानते हैं। ग्रामीण जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए श्री रजवाड़े ने हाल के दिनों में अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं।

क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान श्री रजवाड़े ने ग्राम सलका, सलवा, मनसुख, पटना क्षेत्र, बचरा पोडी क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और यथासंभव त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मुख्य समस्याओं में सड़कों की जर्जर स्थिति, पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति में बाधा, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और स्कूलों में शिक्षकों की अनुपलब्धता जैसे मुद्दे शामिल थे। श्री रजवाड़े ने पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की कार्ययोजना बनाई। उन्होंने ग्राम सलका से पनिका पारा तक सड़क निर्माण के लिए विशेष निधि से राशि स्वीकृत कराई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी। साथ ही कई गांवों में हैंडपंप की मरम्मत एवं नवीन बोरिंग की प्रक्रिया भी आरंभ कराई गई है। स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में भी उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारियों से बात कर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सुदूर गांवों में शिविर लगाने की पहल की, ताकि ग्रामीणों को तत्काल स्वास्थ्य लाभ मिल सके। शिक्षा के क्षेत्र में रजवाड़े ने शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए संविदा शिक्षकों की तैनाती हेतु शासन स्तर पर पत्राचार किया है।

## मां दुर्गा बस की नई सेवा प्रारंभ




**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले बैकुंठपुर क्षेत्र के लाडले विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष साहू के विशेष सहयोग से बैकुंठपुर से रायपुर हेतु प्रतिदिन सेवा का अवसर क्षेत्र वासियों को मिला मां दुर्गा बस की नई सेवा बैकुंठपुर से रायपुर प्रारंभ होने जा रही है शुभारंभ 15 जून 2025 दिन रविवार प्रात:4 .50 बजे से प्रारंभ होगी।

## अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, 8 लीटर हाथ भट्टी एवं मध्यप्रदेश में निर्मित 16.2 लीटर गोवा व्हिस्की जब्त



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो स्थानों से कुल 24.2 लीटर अवैध शराब जब्त की है। यह कार्रवाई सावला और छोटे साल्हि क्षेत्रों में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मौके पर 8 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब तथा 16.2 लीटर मध्यप्रदेश निर्मित गोवा ब्रांड की अवैध रूप से रखी गई अंग्रेजी शराब जब्त की। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही का नेतृत्व विवेचक अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा द्वारा किया गया, जिनके साथ मुख्य आरक्षक बबुआ राम, किसुनराम सहित आरक्षक नरेंद्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े, नगर सैनिक रुमा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 3 मवेशी तस्कर गिरफ्तार, 5 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 21 मवेशी जप्त

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कार्यो पर पूर्णत: अंकुश लगाने और ऐसे कृत्य में शामील लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है। इसी तारतम्य में 11.06.2025 को चौकी बसदेई पुलिस ने 21 मवेशी को स्वराज माजदा में अवैध रूप से पशु तस्करों द्वारा प्रतापपुर से कानपुर ले जाने के दौरान धरदबोचा है। 11.06.2025 को मवेशी तस्कर मोहम्मद रहीम पिता मो. सलीम उम्र 28 वर्ष निवासी जियावन थाना व जिला सिंगरौली, तनवीर अहमद पिता रहीस उम्र 34 वर्ष निवासी जियावन एवं खलीद हुसैन पिता सफाद उम्र 21 वर्ष निवासी गिधेर थाना बरगांवा जिला सिंगरौली को अवैध रूप से मवेशी भैस-भैंसा को अनाधिकृत रूप से स्वराज माजदा क्रमांक यूपी 64 बीटी 1334 में लोडकर प्रतापपुर से कानपुर उत्तरप्रदेश ले जाने के दौरान पकड़ा है जिनके कब्जे से 14 रास भैंस, 06 रास भैंसा एवं 1 पड़िया कुल 21 नग मवेशी कीमत करीब 5 लाख 50 हजार रूपये व स्वराज माजदा वाहन को जप्त कर पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(घ) एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 1 फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी बसदेई के एएसआई मनोज द्विवेदी व उनकी टीम सक्रिय रही।

## मुम्बई गए गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस ने काउंसलिंग कर बुलाया वापस

**सूरजपुर।** ग्राम मदननगर प्रतापपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना प्रतापपुर में गुम इंसान दर्ज कराया कि इसका 21 वर्षीय पुत्र 14/01/2025 को तातापानी मेला देखने निकला था जिसके बाद से उसका मोबाईल बंद है, आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां पता करने पर पता नहीं चला। सूचना पर थाना प्रतापपुर पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर गुमशुदा व्यक्ति की पतासाजी प्रारंभ किया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑपरेशन तलाश में गुमशुदा लोगों की पतासाजी गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है। इसी क्रम में थाना प्रतापपुर पुलिस ने गुम इंसान की पतासाजी के दौरान प्राप्त सूचना व तकनीकी मदद से गुम इंसान को मुम्बई महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम के द्वारा गुम इंसान से दोस्त के माध्यम से सम्पर्क कर गुमशुदा व्यक्ति की काउंसलिंग कर उसे मुम्बई से बुलाया गया और सकुशल दस्तयाब कर 11.06.2025 को उसके परिजनों को सौंप दिया।

## नि:शुल्क शिविर में पुलिस कर्मियों व परिजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर रक्षित केंद्र स्थित सामुदायिक भवन में पुलिस जवानो, अफसरों व उनके परिजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बुधवार, 11 जून 2025 को किया गया। इसमें जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों व उनकी टीम के द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई।



शिविर में जवानों, अफसरों व परिजनों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित अन्य परीक्षण किये गए। स्वास्थ्य जांच शिविर में जिला पुलिस बल के लगभग 250 अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परिजनों ने अपना जांच कराया एवं स्वास्थ्य परामर्श लिया। स्वास्थ्य जांच के बाद डॉक्टरों ने जवानों को नियमित रुप से स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है। खासकर पुलिसकर्मियों का स्वस्थ रहना तो और भी जरूरी है। लोगों को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए उन्हें स्वस्थ रहना होगा। स्वास्थ्य शिविर तो हर जगह आयोजित होते रहते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य शिविर मुख्य रूप से पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित किया गया है क्योंकि पुलिस कर्मचारी के लिए अत्यंत व्यस्तता के चलते अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार के मेडीकल कैम्प के आयोजन से समय रहते हमारे पुलिस परिवार के लोग गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। उन्हें प्राथमिक स्तर पर ही बीमारी की जानकारी प्राप्त हो जाती है जिससे वह समय रहते उपचार लेकर स्वस्थ्य रह सकते हैं। हमारा प्रयास होगा कि भविष्य में इस तरह के स्वस्थ्य शिविरों का आयोजन होता रहे। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर शामील डॉक्टरों व उनकी टीम के अमुल्य समय पुलिस एवं उनके परिवारजनों को देने के लिए आभार व्यक्त जताया।

इस शिविर में एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक प्रकाश राठौर, जावेद मियादांद, पुलिस लाईन, थाना व चौकी के पुलिस अधिकारी व जवानों तथा उनके परिजन लाभान्वित हुए। जिला चिकित्सालय के सीएचओ सरस्वती यादव, उषा सिंह, आरएचओ बालेश्वर मिश्रा, डिम्पल पाण्डेय, मुकेश देवांगन, बिंदेश कुशवाहा, माया शर्मा, एएनएम नीता साहू, लवांगों राजवाड़े, राजकुमारी राजवाड़े ने स्वास्थ्य शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई।

## शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** भाठागांव शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू जंघेल 30 वर्ष कबीर चौक अमलेश्वर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएच 8517 से भाठागांव शराब दुकान गया था, जहां शराब खरीदने के दौरान अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## सूने मकान से नकद 25 हजार पार

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी विकाश राठौर 38 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## शराब का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर जिले के गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा है।

## अल्प बारिश से ही सड़कों पर जल भराव की स्थिति

**रायपुर।** मंगलवार को जिसे प्री मानसुन कहा जा रहा है शाम के समय हुई लगातार हो रही बारिश से जहां सड़कों पर जल भराव की स्थिति देखी गई वहीं रात में घंटों विद्युत व्यवस्था चरमराने से अंधेरे की स्थिति का सामना शहर के अनेक इलाकों के लोगों को करना पड़ा। एक ओर नगर निगम द्वारा जहां रायपुर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने की कवायद चल रही है वहीं नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल अल्प हुई बारिश से ही खुल गई। शहर के सिविल लाइन, कुशालपुर, लाखेनगर जीई रोड क्षेत्र सहित अनेक इलाकों में जल भराव की स्थिति से दोपहिया वाहन चालक आते जाते दिखाई दिये। शांति नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शैलेंद्र शुक्ला एवं सांई रेसिडेंसी लालपुर के वरिष्ठ नागरिक वरूण दीक्षित ने नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव महापौर मीनल चौबे एवं नगर निगम आयुक्त से हर वर्ष जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं हो पाई है। पर प्रश्न किया है साथ ही हर बार की तरह इस बार भी प्रोफेसर कालोनी में घुटनों तक जमा पानी में लोगों को आना जाना पड़ा। नगर निगम की टीम हर वर्ष दावा करती है कि उन्होंने वर्षा पूर्व जल निकासी की तैयारियां कर ली है किंतु नाला सफाई मशीनों के होने के बावजूद भी जाम नालियों में भरा गंदा पानी सड़कों पर फैलता है जिसकी वजह से दुर्गंध के चलते लोगों की आवाजाही प्रभावित होती है।



## 26 करोड़ की टैक्स चोरी, जीएसटी टीम ने कारोबारी अमन अग्रवाल को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** राज्य जीएसटी विभाग ने टैक्स चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए अहम कार्रवाई की है। जीएसटी टीम ने लोहे के व्यापारी अमन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। अमन अग्रवाल पर फर्जी फर्मों के माध्यम से करीब 26 करोड़ रुपये की कर चोरी करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने 2023 से 2025 के बीच विभिन्न नामों से फर्जी फर्म बनाकर लगभग 144 करोड़ रुपये की खरीद दर्ज की थी। इस पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाकर अन्य व्यापारियों को पास ऑन कर दिया गया, जिससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। जिन फर्मों के नाम पर यह फर्जीवाड़ा किया गया, उनमें हुसैनी इंटरप्राइजेस, धन लक्ष्मी इंटरप्राइजेस, महावीर इंटरप्राइजेस, यूनिक इंटरप्राइजेस, अंसारी ट्रेडर्स, विनायक वेंचर्स, ललित ट्रेडलिंक और अगस्त्या इंटरप्राइजेस शामिल हैं। इन सभी फर्मों से की गई खरीदारी दस्तावेजों में दर्ज है, लेकिन जांच में इनकी असलियत उजागर हो गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी ने कुछ ऐसे व्यक्तियों के नाम पर फर्में बनाई थीं जिनकी मृत्यु 2010 में हो चुकी थी, लेकिन उनके नाम से 2013 और 2015 में कारोबार दिखाया गया। राज्य जीएसटी विभाग की यह पहली गिरफ्तारी है। अमन अग्रवाल को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत कल अदालत में पेश किया जाएगा।

## ड्रीम प्रोजेक्ट चेस इन स्कूल: दांवपेंच दिखाकर खिलाड़ियों ने जीता मैदान, प्रदर्शन देख निर्णायक चकित

**कोरिया बैकुंठपुर।** आल इंडिया चेस फेडरेशन के ड्रीम प्रोजेक्ट चेस इन स्कूल इंडिया के तहत छत्तीसगढ़ चेस एसोसिएशन महासचिव विनोद कुमार राठी के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में कोरिया ज़िला शतरंज संघ के तत्त्वावधान में 8 जून को सरगुजा संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन (विभिन्न वर्ग अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग बालक /बालिका,अंडर 15 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका, अंडर 13 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका , अंडर 11 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका,अंडर 9 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका ,अंडर 7 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका ) शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बैकुंठपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया उक्त स्पर्धा में एम.सी.बी , कोरिया,सूरजपुर,अम्बिकापुर के 50 से ज़्यादा स्कूली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ,अंतराष्ट्रीय स्विस लीग पद्धति से आयोजित उक्त स्पर्धा दो वर्गों में संचालित हुई अंडर 11 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चो का एक ग्रुप में जबकि 11 वर्ष ऊपर तथा 17 वर्ष कम उम्र के बच्चों को दूसरे ग्रुप में रखा गया कुल 5 चक्र तक आयोजित उक्त स्पर्धा का समापन ज़िला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में तथा विद्यालय के प्राचार्य ए एल गुप्ता ,जिला आयुर्वेद अधिकारी कोरिया सुश्री एल्विना ग्रेस ,श्रीमती स्वाति सिंह कोटा, बिलासपुर आशीष गुप्ता , दीपेंद्र यादव अम्बिकापुर के विशिष्ट आतिथ्य एवं जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न,अपने उदबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी ने इस आयोजन मि भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए ,अपने स्तर हर तरह के सहयोग का आश्वासन देते हुये खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया , अंत मुख्य अतिथि के कर कमलों से विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया



अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे- **अंडर 17 वर्ष बालक**- प्रथम ,अभिनंदन बड़ेरिया (बैकुंठपुर) द्वितीय,शौर्य बड़ेरिया बैकुंठपुर) तृतीय,देवर्ष सिंह चौहान (बैकुंठपुर)अंडर 17 वर्ष बालिका प्रथम,आफरीन (बैकुंठपुर)द्वितीय,दिव्यांशी सिंह चौहान **अंडर 15 वर्ष बालक** -प्रथम,रिषभ भगत (अम्बिकापुर) द्वितीय,गौरांश गुप्ता (कोरिया) तृतीय, युवराज सिंह (बैकुंठपुर) चतुर्थ, यश कुमार गुप्ता (अम्बिकापुर) **अंडर 15 वर्ष बालिका**-प्रथम,आदिति सिंह (अम्बिकापुर) द्वितीय,फरहीन खान (बैकुंठपुर)**अंडर 13 वर्ष बालक**-प्रथम, आदर्श वर्मा (अम्बिकापुर) द्वितीय,रुद्रांश यादव (अम्बिकापुर)तृतीय, विशेष जे एस राजवाड़े (अम्बिकापुर) चतुर्थ,ईशान अहमद (बैकुंठपुर)**अंडर 13 वर्ष बालिका**-प्रथम,अनन्या (अम्बिकापुर) द्वितीय,वेदिका शर्मा (बैकुण्ठपुर) तृतीय, वाख्या वाधवान (मनेंद्रगढ़) चतुर्थ,वर्णिका सिंह (बैकुण्ठपुर)**अंडर 11 वर्ष बालक**-प्रथम,अरूप कुमार रे (अम्बिकापुर)द्वितीय,आर्यन राज डांगरे (अम्बिकापुर) तृतीय, शौर्य सिंह (बैकुण्ठपुर) चतुर्थ,हृदयांश पांडेय (बैकुण्ठपुर) **अंडर 11 वर्ष बालिका**-प्रथम,आयशा बानों (चिरमिरी) द्वितीय, याशिका (बैकुण्ठपुर)**अंडर 9 वर्ष बालक**-प्रथम, अक्षत राज डांगरे (अम्बिकापुर)द्वितीय, अरहम अख्तर खान (बैकुण्ठपुर)तृतीय,समर्थ सिंह (बैकुण्ठपुर) चतुर्थ,विवेक कुमार साहू (बैकुण्ठपुर)**अंडर 9 वर्ष बालिका**-प्रथम, नायशा यादव (अम्बिकापुर) **अंडर 7 वर्ष बालक**- प्रथम, अहान गुप्ता (बैकुण्ठपुर)द्वितीय,अरहान(बैकुण्ठपुर)तृतीय,यशिफ (बैकुण्ठपुर) **अंडर 7 वर्ष बालिका**-प्रथम, अंशा फातिमा (बैकुण्ठपुर) द्वितीय, आयत परवीन(बैकुण्ठपुर) आखिर में संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त साथ ही उन अभिभावकों को भी धन्यवाद ज्ञापित जिन्होने अपने बच्चों को इस स्पर्धा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया ।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य आर्बिटर शेष रतन जायसवाल, बी मनियन,अंजुम , शगुफ्ता खानम, शिवहरी, अजय गुप्ता , आशीष गुप्ता, विजय जांगड़े, आनंद कुमार तिवारी,असगर इमाम,का विशेष योगदान रहा ,प्रतियोगिता के संचालक की भूमिका अब्दुल शमीम ने बखूबी अंजाम दिया।

## बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक हुई

**कोरबा।** कई मांगों पर विचार विमर्श करने के लिए बिजली कर्मचारी महासंघ की रायपुर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि लंबित मांगों को लेकर अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, महामंत्री नवरतन बरेठ, सुनिता जायसवाल, पूर्णिमा साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि लगातार प्रबंधन को पत्र दिया गया है। लेकिन अभितक कई मांगे लंबित है। इन सभी मुद्दों पर अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है।

## मौसम के रूख से बढ़ी चिंता

**कोरबा।** समय से पहले मानसून के आने को लेकर जो लोग खुश थे अब वही उसकी बेरूखी से चिंतित हैं। अब कहा जा रहा है कि मौसम की लोकेशन न तो आईएमडी के पास है और न ही भू अभिलेख के पास।

# हसदेव दायीं तट नहर और दादर नाला में गिरी दो बेकाबू चारपहिया वाहन

**कोरबा।** पिछली रात हुए घटनाक्रम में दो चारपहिया गाड़ी बेकाबू होने के साथ हसदेव दायीं तट नहर और दादर नाला के हवाले हो गई। खबर है कि इनमें से एक गाड़ी रायपुर पासिंग है जबकि दूसरी कोरबा जिले की। घटना में जनहानि नहीं होने की खबर है। लेकिन वाहनों को जबरदस्त नुकसान पहुंच गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालकों के नशे में होने के कारण दुर्घटना हुई।

कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि सर्वमंगला चौराहा के आगे बरमपुर इलाके से गुजरने वाली हसदेव दायीं तट नहर में इस समय पानी कम है और यही वजह रही कि रात को हुई दुर्घटना में किसी व्यक्ति के साथ अनिष्ट नहीं हुआ। पता चला कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन रायपुर पासिंग है। उसमें कितने लोग सवार थे और वे कहां के थे, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस रास्ते से





गुजरने के दौरान गाड़ी अनियंत्रित हुई और सीधे नहर में जा गिरी। इस घटना में वाहन के सामने और अगल-बगल के शीशे टूटे या फिर गाड़ी में मौजूद लोगों ने बाहर निकलने के लिए इन्हें तोड़ा होगा। दुर्घटना के बाद लोगों ने सुरक्षित जगह के लिए वापसी कर ली। घटना को लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। जब तक संबंधित व्यक्तियों के बारे में पता नहीं चल जाता हादसे की वास्तविक वजह को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

जबकि एक अन्य घटनाक्रम मानिकपुर चौकी अंतर्गत दादरखुर्द रोड पर हुआ। इसमें भी एक चारपहिया स्कार्पियो गाड़ी काफी दूर से तेज रफ्तार से आने के बाद मंगलम भवन के सामने नाला में जा घुसी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि संभवत: इस गाड़ी का चालक नशे में था। नाला में घुसने से पहले इस गाड़ी की चपेट में आते-आते एक दोपहिया चालक बचा। बाद में चारपहिया गाड़ी नाले में समा गई। इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### नशे में ड्राइव करने पर कार्रवाई

जिले में ड्रंकन ड्राइव के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। नशे की स्थिति में गाड़ी चलाकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालकों पर धारा 185 की कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस कर रही है। इन प्रकरणों को सीधे कोर्ट भेजा जा रहा है। ऐसे हर मामले में न्यूनतम 10 हजार रुपए की पेनाल्टी हो रही है। पिछले वर्ष कई करोड़ की पेनाल्टी ऐसे मामलों में चालकों पर हुई। पुलिस ने अभी भी ऐसा अभियान शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चला रखा है। एल्कोमीटर से चालकों की जांच की जा रही है।

## ठाकुरखेता जंगल में फंदे पर लटका मिला ग्रामीण



**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में नशाखोरी के साथ खुदकुशी के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। रजगामार चौकी क्षेत्र के ठाकुरखेता जंगल में एक जनजाति परिवार के व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका मिला है। पुलिस ने बीएनएसएस की धारा में मर्ग कायम करते हुए शव का पंचनामा किया। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नवाडीह ठाकुरखेता में रहने वाले 32 वर्षीय गोपीराम धनुहार पिता बुधराम धनुहार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की खबर आज सुबह प्राप्त हुई। पुलिस को पता चला कि यह व्यक्ति सुबह 4 बजे अपने घर से निकल गया था। बाद में मालूम हुआ कि सरई पेड़ पर लटक कर उसने खुदकुशी कर ली। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे के निर्देश पर हेड कांस्टेबल विनोद सिंह ठाकुरखेता से एक किलोमीटर दूर जंगल पहुंचे और पंचनामा किया। एक अन्य घटनाक्रम में पतरापाली निवासी विजय मरकाम 40 वर्ष की मौत अत्यधिक शराब सेवन से हो गई। वह कुछ दिनों से लगातार शराब पीकर यहां-वहां घूम रहा था। इसे लेकर घर में किचकिच हो रही थी। परिजनों के समझाने का कोई असर नहीं हुआ और आखिरकार शराब ने ही उसकी जान ले ली। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही की है।

## एंबुलेंस बिजली खंभे से भिड़ी, दो घायल

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस नियंत्रित होने के साथ बिजली खंभे से घटना में मरीज के अटेंडेंट के साथ-साथ गाड़ी का चालक इंजर्ड हो गया। दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खबर के अनुसार एक मरीज को लेने के लिए एंबुलेंस को भेजा गया था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एंबुलेंस की रफ्तार औसत से ज्यादा थी। कटघोरा के तहसील भाटा क्षेत्र में पहुंचने के साथ यह एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे एक बिजली खंभे से जा टकराई। बताया गया कि एंबुलेंस का चालक और एक अटेंडेंत इस घटना में घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ यहां पर लग गई। इनके माध्यम से पुलिस तक बात पहुंची। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संज्ञान लिया और घायलों को अस्पताल भिजवाया। बताया गया कि जिस स्थान से मरीज को दिया जाना था उसके लिए अब दूसरी व्यवस्था कराई गई है ताकि पीड़ित को अस्पताल भिजवाया जा सके।

## इनोवा क्रिस्टा में आए तीन नशेड़ियों ने वनकर्मी को धमकाया, पुलिस ने मामला किया दर्ज

### सीबीआई, ईओडब्ल्यू का नाम ले रहे थे धमकाने वाले

**कोरबा।** जिले में आपराधिक तत्वों की गुंडागर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। अपनी हरकतों के आगे वे किसी को कुछ नहीं समझ रहे हैं। हद तो तब हो गई जब काले रंग की इनोवा क्रिस्टा में आए तीन लोगों ने जल्के तनेरा क्षेत्र स्थित फारेस्ट बेरियर पहुंचकर मनमानी की। उन्होंने बेरियर कर्मी को जान से मारने की धमकी दी। घटना की तस्वीरें यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई है। कोरबा चौकी पुलिस को इस बारे में शिकायत की गई।

5 जून को तड़के यह घटना हुई। बताया गया कि दुर्गा प्रसाद यादव कोरबा जिले के आमाटिकरा थाना बांगो का निवासी है जो वर्ष 2017 में तनेरा फारेस्ट बेरियर में दैनिक वेतनभोगी के रूप में काम कर रहा है। कोरबी चौकी पुलिस को की गई शिकायत में उसने बताया कि घटना वाले दिन उसकी ड्यूटी थी। सूर्योदय के दो घंटे पहले इनोवा क्रिस्टा क्रमांक सीजी-10एवाय-0081 में सवार तीन



व्यक्तियों के द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। दुर्गा यादव ने बताया कि बेरियर में वह अपना काम कर रहा था। उस समय नशे की हालत में तीन व्यक्ति आए। उन्होंने कर्मी को बाहर निकलने की धमकी दी। कर्मी के बाहर आने पर उन्होंने अभद्रता की। इनमें से एक व्यक्ति श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ का अध्यक्ष व ईओडब्ल्यू सीबीआई की बात कहते हुए धमकी देने लगे। उन्होंने कर्मी का नाम-पता पूछने की कोशिश की और फिर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। संभावित घटनाक्रम को भांपकर कर्मी बेरियर के अंदर गाड़ी की एंट्री करने लगा तब उसका पेन और मोबाइल छीनकर मारपीट करते हुए धमकी दी। उन लोगों ने कर्मी के मोबाइल पर कॉल किया और बोले हमसे बात करना। कर्मचारी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले दो व्यक्तियों ने पकड़ी पहना था। इस इलाके से एसईसीएल की रानीअटारी व विजय वेस्ट कोल माइंस क्षेत्र में गाड़ियां चलती है। इस घटना के कारण जान-माल का खतरा बना हुआ है। फारेस्ट बेरियर में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह मामला कैद हुआ था। घटना के दौरान मुरारीलाल साहू परिसर रक्षक भी यहां मौजूद था। पुलिस ने इस मामले में 296, 351 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया है। चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। संबंधित वाहन और उसमें सवार होकर आए लोगों की तलाश की जा रही है। खबर यह भी मिली है कि मामला पुलिस में जाने के बाद घटना को अंजाम देने वालों के द्वारा डेमेज कंट्रोल की कोशिश की जा रही है। अब उनकी ओर से पीड़ित कर्मी पर दबाव बनाया जा रहा है कि पुलिस के पास की गई शिकायत वापस ले ली जाए।

### *डीटीओ से लेंगे जानकारी*

*घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है। डीटीओ को पत्र देकर संबंधित गाड़ी की जानकारी हासिल की जाएगी और फिर उसके मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा। उक्तानुसार आगे की पड़ताल होगी।*

***-एस.के.जोगी, चौकी प्रभारी, कोरबी***

## पुलिस ने रुकवाया शव का अंतिम संस्कार

**कोरबा।** अगर समय पर पुलिस सतर्कता नहीं दिखाई तो बांगो थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेपरा गांव में दो मृतकों का अंतिम संस्कार हो ही जाता। जानकारी के अनुसार इस गांव के रहने वाले हीरा यादव और बुधवार सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिला अस्पताल पहुंचने पर मध्य रात्रि को उनकी मौत हो गई। नाइट ड्यूटी कर्मियों ने इन मृतकों के शव मर्चुरी में शिफ्ट नहीं किया। मौका मिलते ही कुछ घंटे बाद परिजन लेकर अपने गांव चले गए। सुबह जब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन प्रबंधन के द्वारा जब पुलिस को मेमो दिया गया तो शव की पड़ताल की। इसके बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। पता चला कि मृतकों के अंतिम संस्कार की तैयारी परिजन कर रहे थे, तभी सरपंच चंद्रकला और मेडिकल कॉलेज अस्पताल पुलिस ने उन्हें फोन कर अंतिम संस्कार रोकने को कहा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से कहा गया कि जिन कार्यो ने लापरवाही की है उन पर कार्रवाई की जाएगी

## एमटीके-1 से पार हुई पल्सर

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल कालोनी प्रगति नगर के आवास क्रमांक बी-4 में रहने वाले एसईसीएल कर्मी बबलू कुमार पासवान को चोर ने चपत लगा दी। 11 जून की रात्रि कर्मचारी ड्यूटी पर था। रात्रि पाली में ड्यूटी के दौरान उसकी गाड़ी एमटीके-1 स्टैंड में खड़ी थी। सुबह कर्मचारी जब यहां पहुंचा तब गाड़ी नहीं थी। दोपहिया नंबर जेएच-10सीएच-4265 को यहां-वहां तलाशा गया लेकिन कोई पता नहीं चला। कर्मचारी ने इस बारे में दीपका थाना को आज जानकारी दी।




इससे पहले एक मामले में बृजेश मिश्रा नामक कर्मचारी की एक्टिवा को महेश कटारा ने गायब कर दिया। इस बारे में पुलिस को अवगत कराया गया है।

## एसकेएमएस महामंत्री 14 को आएंगे

**कोरबा।** एसकेएमएस के एसईसीएल महामंत्री अजय विश्वकर्मा 14 जून को कुसमुंडा आकर बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान उनका उप महामंत्री धर्माराव, दीपक उपाध्याय, अजीत सिंह, बीएन पनिका, सुभाष सिंह, मनीष सिंह, कृष्णा तिवारी सहित कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। कल बैकुंठपुर में एसईसीएल स्तर की बैठक हुई, जिसमें सभी एरिया के पदाधिकारी शामिल हुए। 09 जुलाई को होने वाले राष्ट्र व्यापी हड़ताल के संबंध में चर्चा की। हड़ताल को लेकर अजय विश्वकर्मा एरिया के दौरे पर निकले हैं।

## सत्यापन कार्य को लेकर होगी बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल में श्रमिक संगठन के सदस्यों का प्रत्येक वर्ष सत्यापन कार्य होता है। यह कार्य 11 जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए सभी एरिया व इकाईयों में बैठक बुलाकर तारीख तय की जाएगी। तारीख तय होने के बाद क्षेत्र में खिलाने-पिलाने का सलिसिला शुरू हो जाता है। कोरबा एरिया में एसकेएमएस व एसईकेएमसी गेवरा में एचएमएस व एसकेएमएस दीपका में एचएमएस व बीकेएमएस के मध्य एक व दो नंबर के लिए लड़ाई है। इनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि एक नंबर स्थान पर काबिज किस तरह से हुआ जाए।

## बनिया पहुंचा लोनर, ग्रामीणों को किया गया सतर्क

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में घूम रहे हाथियों के दल में शामिल एक लोनर हाथी बीती रात झुंड से अलग होकर पसान रेंज के बनिया नामक गांव में पहुंच गया। लोनर के अचानक पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। जब इसकी जानकारी वन विभाग को हुई तो इसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने की कार्यवाही की। वन विभाग द्वारा लोनर की लगातार निगरानी कराई जा रही है। वहीं बनिया व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को लगातार सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि हाथियों का एक अन्य दल केंदई रेंज के परला में घूम रहा है। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी 4 हाथियों की उपस्थिति गीतकुंआरी के जंगल में बनी हुई है।

## सामान्य सभा की बैठक कल

**कोरबा।** नगर पंचायत छूरीकला भवन में कल सामान्य सभा की बैठक रखी गई है। इस बैठक में श्रीमती पद्मिनी देवांगन के सामने समस्याओं को रखते हुए कई मुद्दों पर चर्चा होगी। उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, पार्षद कांता देवांगन , सुभाष जोशी, श्याम कुमार साहू, शंकुतला कंवर, नमिता यादव, संगीता यादव, सुशीला बिंझवार सहित सभी पार्षद वार्डों की समस्याओं को रखते हुए आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

## मल्दा घाट इलाके से हो रही रेत चोरी



**कोरबा।** कटघोरा के मल्दा घाट के अलावा कई इलाकों से रेत की चोरी की जा रही है। इसमें कई जाने-पहचाने चेहरे सक्रिय हैं। खबर के अनुसार जिन लोगों को अनुज्ञप्ति प्राप्त हुई है उनके अलावा कई लोगों ने नदियों का अवैध दोहन शुरू कर दिया है। रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर रेत यहां से पार की जा रही है। जानकारों ने बताया कि एनजीटी के नियम के अंतर्गत 15 जून से 15 अक्टूबर तक सभी प्रकार के खनन पर प्रतिबंध लगना है। इस स्थिति में कड़ाई तेज हो सकती है इसलिए रोक से पहले खासतौर पर रेत चोरी और भंडारण के मामले में तस्कर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

# गोकुल नगर में भगवान को कराया महास्नान





**कोरबा।** रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को संपन्न होगी। इससे पहले आषाढ़ कृष्ण प्रथमा को हाउसिंग बोर्ड कालोनी गोकुलनगर खरमोरा के जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को महास्नान कराया गया। पुरोहितों की उपस्थिति में 21 घड़ों के पानी से यह परंपरा पूरी कराई गई। भगवान इसी दिन से एक पखवाड़े के लिए अस्वस्थ हो गए।

गोकुलनगर खरमोरा क्षेत्र के नागरिकों ने इस परंपरा पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। परंपरा की पूर्ति के लिए पहले से तैयारी थी। सुबह से मंदिर में आवश्यक प्रबंध किए गए और इसके बाद वेद मंत्रों के साथ भगवान का महास्नान संपन्न हुआ। बताया गया कि इसी दिन से भगवान एकांतवास पर चले गए। रथयात्रा तक उन्हें स्वासथ्य लाभ लेने प्राचीन विधान पर अमल किया जाएगा। 26 जून को नेत्र उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जाएंगे।

### कई जगह होंगे आयोजन

कोरबा नगर में परंपरागत रूप से 27 जून को दादरखुर्द श्रीजगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। वहां आयोजन का 124वां वर्ष होगा। इसके अलावा सीतामणी स्थित श्रीराम मंदिर, सप्तदेव मंदिर, बालकोनगर सहित अन्य उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में परंपरानुसार कार्यक्रम होंगे। इन सभी उत्सवों में क्षेत्र के नागरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल होंगे।

## छेड़छाड़ करने वाले युवक को सिखाया सबक

**कोरबा।** एक युवती ने स्कूटी से पीछा करने के साथ टीपी नगर चौराहे पर रेड सिग्नल में बाइक सवार दो युवकों को पकड़ने के साथ जमकर सबक सिखाया। बाइक की चाबी फेंकने के बाद दोनों की खबर ली गई। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। खबर के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग से आवाजाही के दौरान बाइक सवारों ने बगल से गुजर रही युवती को छेड़ा। इसके साथ अभद्र टिप्पणी कर आगे निकल गए। युवती ने साहस दिखाते हुए दोनों का पीछा किया और रेड सिग्नल पर उन्हें अपने शिकंजे में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आज दोपहर हुई इस घटना के दौरान बाइक की चाबी फेंकने के साथ पहले युवकों को टिप्पणी के लिए सुनाया और कई तमाचे रसीद कर दिए।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष, पर्यावरण संतुलन पर विशेष कार्य जारी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न कार्यों की श्रृंखला शुरू की गई है। इसके अंतर्गत पर्यावरण संतुलन को लेकर फोकस किया गया है।

खबर के अनुसार जिला भाजपा के निर्देशन में सभी क्षेत्रों में अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। पर्यावरण को केंद्र में रखा गया है। जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने बताया कि सभी मंडलों में पौधे लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद अब सभी शक्ति केन्द्रों पौधे लगाए जा रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम का पौधा कल कोसाबाड़ी नगर मंडल के एमपी नगर में लगाया गया। यहां पर प्रभारी विकास अग्रवाल, राजेश राठौर, सुमन सोनी, रमा मिरी, दिनेश वैष्णव, अर्जुन गुप्ता, श्रीधर द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कोरबा नगर मंडल में मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, युगल कैवर्त, राजेन्द्र ठाकुर



सहित अन्य कार्यकर्ता शक्ति केन्द्रों में जा रहे हैं। करतला मंडल में प्रभारी रामनारायण सराफ व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गभेल द्वारा बैठक ली गई। कटघोरा में अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, डेकरांत देवांगन, जयगर्ग, अनुराग दुलानी, किशन केशरवानी, डाकेश्वर शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता पौधे लगा रहे हैं। दर्री मंडल में मनोज लहरे, बालको में डिलेन्द्र यादव, भिलाई बाजार में हरिश थरवानी, दिनेश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता सक्ति केन्द्रों में जाकर पौधे लगाएंगे।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com